[Shri K. P. Singh Dev]

the legislature. Hence to assist the Government to maintain and manage an efficient public service, the founding fathers have endowed the Commission with independence, status and dignity."

Coming to the Chairman and the eight members, the Chairman, as you know, is Shri H. K. L. Kapoor, who is a retired Chief Secretary; he is an administrator. Then we have from the non-officials, a Member who has been Chairman of a Public Service Commission. Then we have an Air Vice-Marshal. which is equivalent to a Major-General's rank in the Army, Who was in-charge of the Administration in the Air Force. Then we have an official who is from the South; he was Press Secretary to the President of India. Then we have another non-official. Would you like me to mention the names? I think everyone knows the names. I am just giving the background. He is also from the South, from Andhra Pradesh; he has been a professional in Osmania University. Then we have an official who was a Secretary in the Government of India. Then we have another non-official who has been an educationist and has been in the legal profession. He is from Central India. Then we have another official who is a former Chairman of the Railway Board. He is also from Central India. Then we have a non-official who has been a professor in the IIT. So from this you can gauge the background of the Members and see whether they are distinguished or not.

Madam, I have touched all the major points made by the hon. Members and I am extremely grateful for their suggestions.

---

**THE APPROPRIATION (No. 5) BILL, 1985.**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI KANAK MUKHERJEE): Now we shall take up the Appropriation (No. 5) Bill, 1985. Shri Poojari.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JANARDHAN POOJARI): Madam Vice-Chairman, I beg to move:

That the Appropriation (No. 5) Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 1985-86, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration.

Madam, the Bill arises out of the supplementary appropriations charged on the Consolidated Fund of India and demands voted by Lok Sabha on the 7th August, 1985. These involve gross additional expenditure of Rs. 3872.54 crores. The additional requirement: of Rs. 3372.54 crores comprises Rs. 2252.75 crores for transfer to State Governments, Rs. 1,316.60 crores for releases to public sector enterprises, Rs. 95.30 crores for Union Territory Governments and administrations, and Rs. 207.89 crores for other expenditure. The details of supplementary demands are available in the document laid on the Table of the House on 30th July, 1985.

*The question was proposed.*

SHRI MOSTAFA BIN QUASEM (West Bengal): Honourable Vice-Chairman, the present piece of legislation, *viz.* The Appropriation (No. 5) Bill, 1985, corresponds to the first batch of supplementary demands for grants submitted before Parliament by the honourable Finance Minister some days back. The Minister has rightly pointed out that this is the first batch of supplementary demands for grants, and considering the practice of the present Government we have no doubt that several other such supplementary demands for grants will follow during the present or current financial year. The figures given by the honourable Minister for the supplementary demands for grants spreading over 26 items, include a gross additional expenditure of Rs. 3,872.54 crores and taking into account the related receipts and recoveries, the net additional expenditure will be Rs. 2,876.25 crores.

The first observation I would like to make is this. We know that there is already a huge deficit in the Budget for 1985-86. Now this net additional expenditure added to the original deficit will definitely raise the Budgetary deficit for the current financial year. Our experience shows that there is always a wide divergence between the estimated Budgetary deficit and the actual deficit at the end of the financial year. So, the apprehension is there as to what the result will be. Of this additional expenditure, expenditure of some of the items may be necessary. But what will be the net effect f this additional expenditure? It will definitely reinforce the already existing nasty and cruel price hike let loose by the General Budget and the Railway Budget in particular for the year 1985, a price rise which is witnessed with horror and anguish by every section of the common people of our country. Only very recently we in this august House had an elaborate discussion on the price rise, the abnormal price rise in our country.

But, at the present moment, I am not going into a detailed discussion on that. I would only refer to certain aspects of the Supplementary Demands for Grants. The time allotted to me will not premit me to go into the details of all the items of expenditure. I will try to confine myself to certain important items of expenditure. Now, one important item is this: The Government has kept some amount of money, a considerable amount of money, for converting the ovardrafts given to the States into medium-term loans. Here again, Madam, the question of overdrafts by the States has been discussed in this august House and the other House times without number. But the question of overdrafts is so vital an issue, I think, that it deserves reiteration and it deserves repeated discussion.

Madam, you know that the Government has unilatrally decided on a freeze on the overdrafts by the States from the 29th January, 1985. This is a very important aspect to which I want to draw the attention of this House. The overdrafts are taken by the States and these overdrafts are a symptom of a none too happy state of affairs prevailing in our national economy. Now Madam, on such an important decision, a vital decision, concerning our national economy, which affects seriously the interests of the States which are parts of our country, my information goes that this decision by the Government to freeze the overdrafts as on the 29th January, 1985 was taken by the Government without having any sort of consultations with the States. This is what I want to highlight and I would like to request the honourable Minister to say categorically whether this is correct or not. The Government did not even care to have a discussion, prior discussion, with the States. Now, Madam, we have a federal polity in our country and we also boast of that. And, Madam, a federal polity entails the institution of a healthy federal fiscal relation also. I would like to ask the honourable Minister: Do you consider that your decision to freeze the overdrafts without having any sort of consultation, any sort of prior consultation, with the States is in keeping with a healthy federal fiscal relation in our country? This is the first point that I would like to make.

Secondly, Madam, the States have to resort to overdrafts, not as a matter of vanity, not as a matter of pleasure. Rather they are forced to resort to overdrafts and they are forced to take overdrafts as a direct result of the economic as well as fiscal policies being pursued by the Government at the Centre for the last several years. The reasons are so many. Here also, Madam, I need not go into the details of the whole thing. I would like to highlight only two or three things. Madam, there is no denying the fact, and you would not disagree with me when I say, that during the last several years, in a calculated way, the Government at the Centre, for its own reasons and advantages, has made serious encroachments on the tax-sharing and tax-raising prerogatives of the State Governments given to them by the Constitution of our country. That is the position now. So many examples are there. This policy of the Central Government has resulted, in a very considerable measure, in shrinkage of the area of fiscal operation of the States.

Now, I want to substantiate my statement with reference to three examples. Now, until this financial year you imposed surcharge on income-tax. But not a paisa of surcharge on that income-tax would go to the States. You are striving hard for the last several years to bring sales-tax, which is in the State List, in the Union List through the method of taking away some of the items on which sales-tax can be imposed by the States under the category of additional duty on excise. Through administered prices you are increasing the prices of several commodities year after year. But not a single paisa is going to the States or has gone to the States. I would also like to point out that it is for the first time in the fiscal history of our country that we witnessed a disgraceful gesture on the part of the Central Government, I am sorry to say. Because of the non-implementation of the recommendations contained in the final report of the 8th Finance Commission some of the States—I do not say all the States—some of the States were put to abnormal difficulties, and they have no other alternative but to resort to added overdrafts. So mainly because of your policies, the States are forced to take overdrafts and you have taken a vital decision to freeze overdrafts. You didn't care to consult the States. Madam, the Central Government—the honourable persons at the helm of the affairs of the Central Government—would justify their decision that the States should correspond to certain fiscal disciplines.

**[The Vive-chairman (Shri Chimanbhai Mehta) in the Chair.]**

My submission is that fiscal discipline is not only a matter to be observed by the States only, but the Central Government has also the responsibility to ensure financial discipline in managing its own affairs. Now, because of your policies the States are in such a financial plight in our country these days.

Madam...

AN HON. MEMBER: Not 'Madam', but 'Sir'.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE (West Bengal): This is one of the contributions of modern science—the transformation of sex. *(Interruptions)*

SHRI MOSTAFA BIN QUASEM: I am sorry. This is one side of the picture. What is the other side? There is a genuine possibility of sources of additional revenue being created for the States. One thing I would refer to. This year only the Government abolished estate duty altogether from the tax structure of our country. We all know that the proceeds of estate duty entirely go to the States. I would most humbly ask the hon. Minister: how have you compensated the States for this loss as a record of the abolition of estate duty? Would you please let us know? Secondly, there is another possible—I would rather say that a definite—source of additional revenue for the State, and I am talking of consignment tax.

Sir, you know that in keeping with the recommendations of the National Law Commission in 1982, an amendment of our Constitution was made, that is, the 46th amendment of the Constitution.

The main purpose of that amendment was to ensure taxation on consignment of goods in the case of inter-State trade and commerce and to bring that within the ambit of tax structure of our country. That was simply an enabling provision. For the tax to be implemented, the Constitution requires legislation by the Central Government or by the Parliament. The initiative of the Central Government is necessary to implement that too. The proceeds of that consignment tax to be levied will entirely go to the States. You will be astonished to know that in November 1983 and subsequently in May 1984, the hon. Finance Minister convened a meeting of the Chief Ministers of the States of our country and they unanimously recommended the imposition or introduction of consignment tax.

The Government was committed to come forward with a piece of legislation in order to give effect to this consignment tax. Most humbly, I would like to ask the Minister as to what is their stand on it. You committed that the Government is serious about the matter so far as providing additional resources to the States is concerned and you have not yet come forward with this piece of legislation before the Parliament. So, my query from the hon. Minister is when they are going to come forward with this piece of legislations before the Parliament. This way you are denying the States. On the one hand, you have encroached upon the tax-raising and tax-sharing scopes of the State Governments and, on the other hand, the Central Government, I am sorry to say, willingly or unwillingly, perhaps willingly, is standing in the way of creating additional resources of revenue for the State Governments of our country. This is the position.

Sir, there is an allotment in the Supplementary Demands for Grants of 45 crores of rupees for import of coins from abroad. There is no denying the fact--and I will not certainly be saying a new thing before this august House—that the common people of our country are facing inconvenience because of shortage of coins prevailing for the last two years or more. I would like to point out one thing. This phenomenon has not definitely been created abruptly all of a sudden. There has been a process which has resulted in the acute shortage of small coins putting people in so many difficulties, sometimes even rupturing relations between friends. This is not an all-of-a-sudden feature. Now, you are going to import coins from abroad. I am coming to that just now. It shows lack of vision and proper planning on your part. This is your faulty planning which has resulted in this distressing phenomenon. Now, you are going to import coins from abroad. Now the question that arises is this. Has the capacity of the existing mints of our country been fully exhausted or used? Can you give a categorical assurance that the mints which produce coins have been fully utilised or the capacity utilisation of the mints of our country has been optimum? Has there been fullest utilisation? I have every doubt and you will kindly share my apprehension that the Government is going to import coins from abroad by paying more than the cost which the Government would have incurred if the arrangements to produce coins could be made in our country.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI CHIMANBHAI MEHTA): Please conclude.

SHRI MOSTAFA BIN QUASEM: There is a provision for advancing loans to the Municipal Corporation of Delhi for power generation and other things. As such, I do not object to this. But I would like to ask the hon. Minister as to when the other metropolitan cities would receive their attention. There are some important metropolitan cities of our country where there are so many difficulties. Those cities from part of India; they are not merely a part of the States to which the cities belong. When those cities will catch the attention of the Central Government? Try to be less discretionary. Try to have a broad view towards extending your hand of co-operation to different parts of the country, to different States of our country. Sir, because of the policies pursued by the Government—fiscal, economic and otherwise—which have rendered the economic position of the country to such a situation, causing serious difficulties to the people, I cannot but object to this Appropriation (No. 5) Bill, as introduced by the hon. Minister.

**डा० रुद्र प्रताप सिंह** (उत्तर प्रदेश): आदरणीय उपसभाध्यक्ष जी, आपका मैं हृदय से आभारी हूं जो आपने मुझको विनियोग संख्या 5 विधेयक 1985 पर अपने विचार प्रकट करने का अवसर प्रदान किया है। मैं इसका समर्थन करने को खड़ा हुआ हूं।

मान्यवर, सर्वप्रथम मैं [illegible] के प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी [illegible] इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं जिनके महान नेतृत्व में भारत की अर्थ-व्यवस्था में एक क्रांतिकारी परिवर्तन के संकेत उसी प्रकार परिलक्षित हो रहे हैं जिस प्रकार से प्रातःकाल में पूर्व ऊषा की लालिमा तथा पक्षियों के कलरव से प्रातः [illegible] आगमन की सूचना मिलती है।

[श्री प्रताप सिंह]

श्रीमन, माननीय श्री राजीव गांधी जी भारत की महान जनता की आवश्यकताओं, भावनाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप भारत की अर्थ-व्यवस्था बनाना चाहते है। मै भारत सरकार के लिए वित्त मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी को भी इस बात के लिये बधाई देना चाहता हूं कि व आदरणीय प्रधान मंत्री जी तथा कांग्रेस दल की नीतियों के अनुरूप अर्थ-व्यवस्था को समाजवाद का स्वरूप प्रदान करना चाहते है और साथ ही उसको स्वच्छ और सफल बनाने के लिये दृढ़ संकल्प और कार्यरत है। समय की शिला पर मधुर चित्र कितने किसी ने बनाये, किसी ने मिटाये। मुझे प्रसन्नता है कि हमारे वित्त मंत्री जी समय की शिला पर मधुर चित्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मै अपने सुयोग्य वित्त मंत्री जी को भी इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं कि वे भी बहुत निष्ठा एवं परिश्रमपूर्वक अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त मैं भारत सरकार के वित्त मंत्रालय को भी बधाई देना चाहता हूं कि कांग्रेस दल की सरकार जो देश में समाजवाद लाने के लिए प्रतिबद्ध है, उसकी बनाई हुई नीतियों के अनुसार, मंत्रालय उसकी नीतियों का परिपालन करने में निष्ठा पूर्वक कार्यरत है।

श्रीमन, भारत सदा ही विश्व के आकर्षण का केन्द्र रहा है। किसी देश ने भारत को अपना गुरू मानकर उससे शिक्षा दीक्षा प्राप्त की और किसी ने अपनी मनोवृत्ति के अनुसार उस पर आक्रमण किया। भारत का इतिहास इस बात का साक्षी है कि भारत पर अतीतकाल से सदा ही आक्रमण होते — आए हैं और मेरा विचार है कि सदैव आक्रमण होते रहेंगे मैं समझता हूं कि भारत सरकार को अपनी सुरक्षा नीति निर्धारित करते समय इस तथ्य को दृष्टि रखना होगा कि जिस प्रकार से अतीतकाल में भारत पर आक्रमण हुए हैं जिस प्रकार से वर्तमान समय में भारत पर आक्रमण की संभावनाएं बनी हुई हैं जिस प्रकार से भविष्य में विश्व की कुछ बड़ी शक्तियां जो भारत को विकसित होने नहीं देना चाहती है उनकी भावना को देखते हुए भारत को सदा ही आक्रमण से अपनी सुरक्षा के लिए तत्पर रहना होगा। मैं इस सम्बन्ध में यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि भारत की महान जनता इस बात का विश्वास करती है कि हमारे प्रधान मंत्री श्री राजीव गान्धी के नेतृत्व मे भारत की अखंडता भारत की एकता भारत की प्रभुसत्ता को आंच नहीं आने पायेगी। मगर इसके साथ-साथ यह भी चाहती है कि हमारे पड़ोसी देश जब परमाणु युद्ध की तैयारी में लगे हुए हैं तो हमें इसके बारे में सोचने की आवश्यकता है कि हम परमाणु हथियारों से अपनी सुरक्षा कैसे कर सकेंगे। हम परमाणु अस्त्र शस्त्र बनायें या न बनायें यह नीति विषयक प्रश्न है। इस पर गम्भीरता से विचार करने की बात है। लेकिन कोई पड़ोसी देश जो हम पर आक्रमण करना चाहता हो, अगर वह परमाणु अस्त्रों को हम पर प्रयोग करेगा तो किस प्रकार से हम अपनी सुरक्षा करेंगे इसके बारे में विचार करने की आवश्यकता है। इसी प्रकार से हमें आन्तरिक सुरक्षा का भी ध्यान रखना है। मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारा जो वर्तमान एक्ट है, यदि वह आन्तरिक सुरक्षा के लिए समर्थ है तो उसका पूरा उपयोग किया जाना चाहिये और यदि वह पूर्णरूप से सक्षम नहीं हो आन्तरिक सुरक्षा के लिये तो आवश्यकता के अनुसार हमें एक्ट बनाना चाहिये और यदि आवश्यकता पड़े तो हमें अपने संविधान में संशोधन करना चाहिये।

श्रीमन्, राष्ट्र को सबसे बड़ी आवश्यकता है भावात्मक एकता की। वर्तमान समय में जो परिस्थितियां व्याप्त हैं, जिस प्रकार से राष्ट्र में जातिवाद, सम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद बढ़ रहा है वह चिन्ता का विषय है। साथ ही मैं यह भी समझता हूं कि इस को बहुत गम्भीरता से लेना होगा। किसी भी राष्ट्र की एकता के लिए ये सारी बातें एक बहुत बड़ी चुनौती है और उनके बारे में हमें बहुत गम्भीरता से विचार करना पड़ेगा। हमें अपनी शिक्षा नीति में आमूल परिवर्तन करने की आवश्य-

कता है। हमारी शिक्षा नीति इस प्रकार बनाई जाए जो कि हमारे राष्ट्र की भावात्मक एकता में साधक बन सके। हमारी शिक्षा नीति ऐसी बने जो राष्ट्र के चरित्र के उन्नयन में साधक बन सके।

5 P.M. हमारी शिक्षा नीति ऐसी बनाई जायें जिसमें हमारे देश के नागरिकों को नैतिक शिक्षा मिल सके। साथ ही हमारे नवयुवकों को व्यवसायिक शिक्षा प्रदान की जा सके। इसके अतिरिक्त मैं यह भी कहना चाहूंगा कि भारत के जो हमारे नवयुवक है, जो भारत के भावी कर्णधार हैं, उनकी समस्याओं की ओर भी हमें विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है इसके साथ ही हमारी महिलाओं की समस्या भी आज अत्यन्त गम्भीर बनी हुई है। मेरा व्यक्तिगत विचार तो यह है कि महिलाओं की समस्या पहले से अधिक गम्भीर हो गई है जबकि हमारे देश की लगभग आधी जनसंख्या महिलाओं की है। उनके साथ जिस प्रकार से युगों से अनाचार, दुराचार और अत्याचार होता आया है, मै ऐसा समझता हूं कि वह किसी भी राष्ट्र के लिए लज्जा की बात है। मैं तो यह मानता हूं कि यह राष्ट्र का प्रश्न नहीं है, यह मनुष्यता के लिए कलंक है। जिस प्रकार से महिलाओ के साथ व्यवहार हो रहा है, उसके बारे में बहुत गम्भीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इस समस्या का निराकरण हमको करना होगा मैं पुन: अपने परम आदरणीय नेता श्री राजीव गांधी जी को इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने सार्वजनिक जीवन मे स्वच्छता की बात कही है। आज से लगभग सौ वर्ष पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने सार्वजनिक जीवन में स्वच्छता की बात कही थी। उसी बात को हमारे परम आदरणीय नेता श्री राजीव गांधी जी द्वारा दोहराया गया है। मैं समझता हूं कि किसी राष्ट्र के लिए सार्वजनिक जीवन में स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण बात होती है? उन्होंने सार्वजनिक जीवन में स्वच्छता को प्राथमिकता प्रदान की है। इसके लिए मैं उन्हें हृदय से बधाई देना चाहता हूं।

उन्होंने युवकों और महिलाओ की समस्या की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया है। जैसा कि माननीय सदन को स्मरण होगा, लोक सभा के निर्वाचन के पश्चात् जो महामहिम राष्ट्रपति जी का प्रथम अभिभाषण हुआ था तो उसमें भी इस बात का स्पष्ट रूप से संकेत दिया गया था कि हमारी सरकार युवकों और महिलाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष रूप से ध्यान देगी। इसके लिए भी मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने जिस प्रकार से पंजाब की समस्या का निराकरण किया है, वह एक ऐतिहासिक निराकरण है। उसके लिए भी मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं। श्रीमन, उनकी विदेश यात्राओं से भारत का मस्तक विश्व समुदाय में ऊंचा ही नहीं हुआ है, बल्कि मैं तो कहना चाहूंगा कि विश्व समुदाय में भारत का मस्तक सबसे ऊंचा हो गया है। इसके लिए भी मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं।

अन्त में मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारे दल के नेता परम आदरणीय श्री राजीव गांधी जी राष्ट्र की अखंडता, एकता, प्रभुसत्ता, लोकतंत्र समाजवाद, राष्ट्र की आत्मनिर्भरता के लिए जिस प्रकार से दृढ़ संकल्प होकर कार्यरत हैं उसकी जितनी प्रशंसा की जाये वह कम है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि हमारा वित्त मंत्रालय उनकी नीतियों के अनुसार जो भारत की महान जनता की आकांक्षाए है उसके अनुरूप नीतियां निर्धारित करके उनका कार्यान्वयन कर रहा है। अंत में मैं भारत की भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की स्मृति में प्रेरणा स्वरूप हिन्दी की एक रुबाई पढ़कर अपने भाषण को समाप्त करूंगा।

"यू तो जीने के लिए लोग जिया करते हैं,
लाभ जीवन का नहीं फिर भी जिया करते हैं,
मृत्यु से पहले भी मरते हैं हजारों लेकिन,
जिंदगी उनकी है जो मर कर जिया करते हैं।"

इन शब्दों के साथ मैं प्रस्तुत विनियोग विधेयक का समर्थन करता हूं।

[श्री हुकमदेव नारायण यादव]

**श्री हुकमदेव नारायण यादव** (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी कांग्रेस दल की ओर से विद्वान माननीय सदस्य बोल रहे थे और उन्होंने अपने भाषण का अंत करते हुए एक बहुत ही अच्छी पक्ति दोहा सुनाया। लेकिन भारत का इतिहास गवाह है कि यहां दो तरह के नेता होते रहे हैं;

'दो तरह के नेता होते हैं,
एक देश की खातिर मरते हैं
एक देश को खा के मरते हैं।'

गांधी जी ने एक सपना देखा था जिसमें आजाद भारत की कल्पना की थी और गांधी जी ने लोगों को आश्वासन दिये थे। गांधी जी के नेतृत्व में भारत के कोटि-कोटि जन ने विश्वास किया था। हिन्दुस्तान इतना बड़ा देश है लेकिन दुनिया में इससे ज्यादा गुलाम रहने वाला भी कोई देश नहीं है। जिसकी आबादी इतनी अधिक है वह देश बार बार गुलाम हुआ कभी इतिहास के इन पन्नों को उलटने का, पढ़ने का हम काम नहीं करते कि विदेशी अपनी मुट्ठी भर पल्टन लेकर आये, बावर आया, चंगेज खां आया, मुट्ठी भर पल्टन लेकर और हिन्दुस्तान की धरती पर अपना साम्राज्य कायम करके वापस चले गये। सोमनाथ के मंदिर को ध्वस्त करके महमूद गजनवी वापस चला गया। सोमनाथ का मंदिर जिस समय तोड़ा जा रहा था उस समय भी हिन्दुस्तान में जाति-पांति की कहानी चली थी और वह कहानी यह थी कि गजनवी के साथ लड़ने वाला राजा गूजर था। इसलिये उस समय के बड़े खानदान और राजपूत राजा महाराजाओं ने गूजर राजा के नेतृत्व में खड़े होकर सोमनाथ के मंदिर की रखवाली नहीं की। देश गुलाम होता हो तो हो जाने दो। भारत माता के माथे पर कलंक का टीका लगता हो तो लग जाने दो लेकिन अपनी जाति के अहंकार को कभी मिटने मत दो। 1857 के विद्रोह की कहानी भी यही याद दिलाती है। 1857 में जिन लोगों ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया था वे छोटे घर में पैदा हुए थे, गरीब घर में पैदा हुए थे। क्योंकि वे गरीब घर में पैदा होकर आये थे, छोटे घर में पैदा होकर आये थे, इसलिये उस समय के महलों और अट्टालिकाओं में रहने वाले लोगों ने उस आजादी की लड़ाई का समर्थन नहीं किया। इतिहास इसका साक्षी है। इसलिये मैं निवेदन करना चाहूंगा कि गांधी जी ने हिन्दुस्तान के लोगों को एक विश्वास दिलाया। गांधी जी के नेतृत्व में पंडित जवाहरलाल नेहरू डा० राजेन्द्र प्रसाद, मौलाना अबुल कलाम आजाद, डा० अम्बेडकर चाहे वे किसी भी सम्प्रदाय के हों, किसी भी पेशे के लोग हों, किसी भी धर्म के मानने वाले हों, सब को गांधी जी ने अपनी धारा में लिया और गांधी जी ने उस आंदोलन के मार्फत लोगों को आश्वासन दिया। मैं इसे भूमिका के रूप में इसलिये कह रहा हूं कि आजाद भारत का संविधान बना। संविधान में आपने हरिजन, आदिवासियों तथा पिछड़ी जाति के लोगों को आरक्षण की बात की थी। लेकिन आज नेशनल कांसेस बनाया जा रहा है, राष्ट्रीय सहमति बनाई जा रही है थोड़े से लोगों के विरोध के कारण आरक्षण के सवाल पर राष्ट्रीय सहमति बनाई जा रही है। कुछ थोड़े से लोग आरक्षण का विरोध कर सकते हैं। मैं भी अभी आरक्षण के विरोध में खड़ा हो सकता हूं। मगर विरोध करने वाले तमाम लोग इस एक बिन्दु पर सहमत हो जायं कि एक आदमी एक पेशा, खेती नौकरी और व्यापार। एक आदमी एक रोजगार हम आरक्षण नहीं चाहते। खेती नौकरी और व्यापार, एक आदमी एक रोजगार हो जाय हमें आरक्षण की आवश्यकता नहीं है। लेकिन खेती भी रखियेगा नौकरी भी रखियेगा, व्यापार भी रखियेगा, एक हजार एकड़ जमीन के मालिक भी बनोगे और आई०ए०एस०, आई०एफ०एस० और आई०पी०एस० की कुर्सी पर भी तुम्हारे बेटे, पोते बैठेंगे, विधायक एम० पी० और मिनिस्टर तुम्हारे खानदान के बनेंगे और हिन्दुस्तान के करोड़ों लोग जो अपने पसीने से भारत का निर्माण करते हैं वे सड़कों पर भीख मांगकर खाया करेंगे। ऐसा हिन्दुस्तान नहीं चलने वाला है। पापी कौन मनुज से? उसका न्याय चुराने वाला या कि न्याय को ढूंढने

विघ्न का शीश उड़ाने वाला? इन्साफ करना पड़ेगा।

आज पार्टी कौन है और जब हम अपने न्याय के लिए लड़ते हैं, अपने हक के लिए लड़ते हैं, तो राष्ट्रीय सहमति का हमें लेमन-चूस चुसाया जाता है। मैं पूछना चाहता हूं, आजाद भारत से पूछना चाहता हूं—बाबू जगजीवन राम जी जब तक थे कांग्रेस के अन्दर, केन्द्रीय मंत्रिमण्डल में केबिनेट स्तर के मंत्री बनते थे। उनको कहा जाता था कि हरिजन नेता हैं। मैं उनकी पार्टी में नहीं हूं, चौधरी चरण सिंह नेता बने, तो कहा गया कि यह जाट नेता हैं, कोई अहीर बना तो कहा गया कि यह अहीर नेता है, कोई मुसलमान बना तो कहा गया कि यह मुसलमान नेता है। मुसलमानों में कोई नेता पैदा होगा, तो मुसलमान नेता कहलायेगा हरिजन में नेता पैदा होगा, तो हरिजन नेता कहलायेगा, अहीर में पैदा होगा, तो अहीर नेता कहलायेगा, जाट में पैदा होगा जो जाट नेता होगा, गूजर में पैदा होगा, तो गूजर नेता होगा, केवल हिन्दुस्तान में मुट्ठी भर ऊंची जाति के लोग हैं, जिस घर में पैदा होगा तो वह राष्ट्रीय नेता होगा वह जाति का नेता नहीं होगा। दिल को टटोलो .....

**एक माननीय सदस्य :** यही बड़प्पन है।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** यही तो बड़प्पन नहीं। यहीं पर तो आपकी हीनता है। मेरी नजर में हीनता है।

**श्री कल्पनाथ राय** (उत्तर प्रदेश) : चरण सिंह राष्ट्रीय नेता थे।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** चरण सिंह राष्ट्रीय नेता बने थे, प्रधान मंत्री बने थे। कल्पनाथ राय जी उस अखबार को आपने पढ़ा होगा जिसमें लिखा था
जाट मरा तब जानियें, जब तेरहवीं हो जाए।

हिसाब के लिए लिखते हो, किसान के लिए लिखते हो।

**श्री कल्पनाथ राय :** किसने.... **(व्यवधान)**

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** पूछिये अखबार वालों से, जब लिखा गया था कि जाट मरा तब जानिये जब तेरहवी हो जाए।

**श्री कल्पनाथ राय :** मैंने नहीं पढ़ा था।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** आपने नहीं पढ़ा, तो पढ़ लीजिए।

**श्री कल्पनाथ राय :** किस अखबार में?

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** राष्ट्रीय अखबार में। बड़े-बड़े जो दिल्ली से अखबार छपते हैं, टाइम्स आफ इण्डिया, हिन्दुस्तान टाइम्स, नवभारत टाइम्स, हिन्दुस्तान जो हमारे घर से नहीं छपते, हमारे बाप-दादा के प्रेस नहीं है।

**श्री कल्पनाथ नाथ राय :** ऐसी बात नहीं है।

**श्री हुक्म देव नारायण यादव :** इसलिए मैंने कहा कि आपने आरक्षण दिया, हरिजनों को बहुत लड़ा दिया। इस राज्य सभा में जो आपने उत्तर दिया है, मैं उस सरकारी उत्तर को पढ़ता हूं।

हरिजनों को क्लास प्रथम में नौकरी मिली है 4.95 प्रतिशत, आदिवासी को 1.06 प्रतिशत, क्लास द्वितीय में हरिजन को 1.54 प्रतिशत, आदिवासी को 1.29 प्रतिशत, क्लास तृतीय में हरिजन को 13.44 प्रतिशत, आदिवासी को 3.16 प्रतिशत, क्लास चतुर्थ में हरिजन को 19.46 और आदिवासी को 5.38 प्रतिशत।

कल्पनाथ राय जी, संविधान कहता है कि हरिजन को 14 प्रतिशत, आदिवासी को 7 प्रतिशत। आजाद भारत में अगर आप आदिवासी को 7 प्रतिशत .....

**श्री कल्पनाथ राय :** पढ़ा लिखा जरूरी है ना।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** अगर आजाद भारत में आदिवासी को 7 प्रतिशत चतुर्थ श्रेणी के लायक नहीं बना पाए हो, तो इस देश को आग लगा दो। मनु ने अपने संविधान में लिखा था ...... **(व्यवधान)** .......

**श्री मीर्जा इर्शादबेग** (गुजरात) : विरोध कौन कर रहे है। .... **(व्यवधान)**

**एक माननीय सदस्य :** आपका यह उत्तर है ..... **(व्यवधान)** ....

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** यह अपने घर से नहीं पढ़ते यह सरकार का दिया हुआ उत्तर है।

**श्री मीर्जा ईर्शादबेग :** हमने तो आदिवासी मुख्य मंत्री दिया है।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** आपने आदिवासी को मुख्य मंत्री बनाया, तो चाहे जो बना दो, लेकिन चतुर्थ श्रेणी में जहां आदिवासी को 7 प्रतिशत मिलना चाहिए था, वहां 7 प्रतिशत नहीं दे पाये।

**श्री मीर्जा ईर्शादबेग :** गुजरात में आंदोलन कौन कर रहे है ? . . . **(व्यवधान)**

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** याद रखें, हरिजन . . . . . **(व्यवधान)**

**एक माननीय सदस्य :** वहां आंदोलन कर रहे है . . . . **(व्यवधान)**

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** रिजर्वेशन हटाओ आंदोलन माफ करना—आप जब बहुत कुछ बोलते रहते है मैं किसी को इन्टरप्ट नहीं करता, कृपा करके सुनो मेरा तर्क और उधर से आप उत्तर दिला दो।

**श्री सत्यपाल मलिक** (गुजरात) : अगर माननीय सदस्य यील्ड करें, तो मैं पूछना चाहता हूं माननीय सदस्य से —माननीय सदस्य जनता पार्टी के विद्वान सदस्य है और जब वह बोलते हैं तो वाकई एनलाइटन करते हैं। मैं जानना चाहता हूं कि जनता पार्टी के अध्यक्ष, श्री चन्द्रशेखर जी ने आरक्षण के सवाल पर कानसेंसस की बात कही है, या नहीं कही है ?

अगर कही है, तो आपकी राय इस बारे में क्या है ?

**एक माननीय सदस्य :** उन्होंने गलत कहा है।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** मलिक जी आप और कल्पनाथ राय जी बैठे हुए हैं, हम सब एक ही स्कूल के छात्र रहे हैं। समय ने अलग-अलग खेमों में बिठा दिया है, लेकिन मैं प्रार्थना करता चाहता हूं कि चाहे किसी भी दल के हों, मैं अपनी वाणी, अपनी भावना पढ़ कर बनाता हूं। डा० लोहिया ने कास्टिज्म किताब में लिखा है हिन्दुस्तान में तमाम राजनीतिक दलों का नेतृत्व द्विजों के हाथ में है, इसलिये उनके मन की बातों को समझना है तो मंच पर की बातों से नेताओं को मत परखो, उनको परखना है, तो मंच से उतरने के बाद वह खाता कहां है, सोता कहां है, जागता कहा है, दोस्ती किसके साथ करता है, उसके आधार पर उसको परखा करो।

आप मेरी भावना को समझ गये ना।

**श्री कल्पनाथ राय :** उप सभाध्यक्ष महोदय, एक व्यवस्था का प्रश्न है। अब चूंकि हुक्मदेव नारायण यादव जी बड़ी लम्बी-चौड़ी बातें कर रहे है, इसलिए मैं इनसे एक बात पूछता हूं, डा० लोहिया का आप नाम लेते हैं, उन्होंने 7 प्रतिशत औरत, हरिजन, शूद्र मुसलमान चार की बात की थी। इनकी पूरी पार्टी में एक भी महिला नहीं है और ये हिन्दुस्तान बनाने की बात करते है। आखिर पूरी पार्लियामेंट में आपकी पार्टी की एक महिला भी सदस्या क्यों नहीं है ? . . . **(व्यवधान)** . . .

**श्री रऊफ वलीउल्लाह** (गुजरात) : आपकी पार्टी में केवल एक मुसलमान था उसको भी आपने हरवा दिया ?

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** मैं केवल प्रार्थना कर रहा था, आप कहते है, मैंने अपनी बातें कही। आप कहते है बैठ जाइये तो म बैठ जाता हूं। मैंने कहा हिन्दुस्तान के सभी राजनीतिक दलों, हिम्मत है, हुक्मदेव नारायण यादव जनता पार्टी मे हो या हुक्मदेव नारायण यादव यूनाइटेड जनता पार्टी में था, लोक सभा की प्रोसीडिंग्ज निकलवाइये, वह अपनी बात को कहने में कभी चूका नही है। आपमें हिम्मत है तो बोलो और आपकी

पार्टी के अन्दर यदि त्रुटियां होती हैं तो कहिए। हम इसमें नहीं कहते हैं। वोट तो हम देंगे ही और अनुशासन में भी रहेंगे। पिछड़े और हरिजन लोगों के लिए जिनके मन में दर्द है और ये लोग अपनी दर्द की दास्तान को कहेंगे नहीं तो इनकी सुनगा कौन? आदमी न सुने तो न सुने लेकिन एक-एक ईंट साक्षी रहेगी, एक एक ईंट से अवाज निकलेगी कि तुम्हारे इन दबे हुए शोषितों के हक के लिए लड़ने वाला कौन था? मैंने इसलिए इन प्रश्नों को उठाया है। मैं फिर कहता हूं जाति को तोड़ना चाहते हो, जाति पर प्रहार करना चाहते हो, तो मैं भारत सरकार से प्रार्थना करता हूं कि सरकारी नौकरी के लिए क्यों नहीं जोड़ते हो कि सरकारी नौकरी के लिए अन्तरजातीय विवाह अनिवार्य होगा। इस काम के लिए कौन आपको रोकता है? आप आगे बढ़िए और क्रांतिकारी कदम उठाइये। आप जाति को तोड़ना चाहते हो तो तोड़िए। मैं आपसे यह भी प्रार्थना करना चाहूंगा गांवों में रहने वाले लोग खेत में, काम करने वाले 70 प्रतिशत लोग और 30 प्रतिशत आदमी दूसरे पेशे और रोजगार में, काम करते है, उन 70 प्रतिशत लोगों के रोजगार की कहानी क्या है? आधा पेट खाना है, आधा तन नंगा है, झोंपड़ी पर घास नहीं, सोने को चटाई नहीं है और जाड़े की ठंडी रात में गांव में रहने वाली गरीब मां अपने मासूम बच्चे का तन ढापने के लिए खुद नंगी हो जाती है और बच्चे को ढांप-कर सो जाती है। क्या उन करोड़ों गरीबों के लिए कोई बोलेगा नहीं? क्या उनके लिए बोलना अपराध है? किसी भी पार्टी की सरकार बने उससे लड़ना पड़ेगा। कोई भी सरकार प्रगतिशील नहीं होती है वह कुछ न कुछ यथास्थितिवादी तो होती हैं। हर सरकार में यथास्थितिवाद का अंश होता है निहित स्वार्थ वाले लोग प्रगतिशील कामों को रोकना चाहते हैं और जो प्रगतिशील होते है वे टकराते हैं। हर जमात के अन्दर दो विचार होते हैं जिनका टकराव चलता ही रहता है। इसलिए मैं आपसे निवेदन कर रहा था कि एप्रोप्रिएशन बिल आप लाये हो और मुझे कहते हो कि पैसे दो, किन चीजों के लिए आप पैसे मांगते हो, एग्रीकल्चर लिए, फिशरीज के लिए, लेकिन मैं फिर सवाल उठाना चाहता हूं पुजारी जी से, माननीय विश्वनाथ प्रताप सिंह जी से भी, कहा है कि हिन्दुस्तान में जो किसान को सबसिडी दी गई है, उसके नाम पर हरिजन और आदिवासियों को सबसिडी का जितना पैसा बैंकों मे दिए हो उसका 80 परसेंट आपके अधिकारी खा गए हैं, अपनी कोशिश से मैंने साबित किया है कि वह पैसा अधिकारी खा गए, आप कहां से निकालोगे वह पैसा? आप मुझ पर आरोप लगाते हो मैं सरकार की निन्दा नहीं करता, बल्कि मैं यह कहता हूं,

निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटि छवाए,
बिन पानी साबुन बिने निर्मल करे सुहाए।

आप कह सकते हो लेकिन मैं पूछना चाहता हूं, आप हरिजन का नारा लगाते हो, पिछड़ों का नारा लगाते हो, करोड़ों रुपया उनके लिए देते हो लेकिन वे अधिकारी उनका धन लूटकर खाते है। इससे आपकी सरकार की बदनामी होती है। आप अपनी सरकार को इस बदनामी से इसे बचा लीजिए। ये लुटेरे आपके शत्रु हैं और गरीबों तक उनके हक को पहुंचने नहीं देते। इसलिए मैं इन सवालों को आपके सामने उठाया करता हूं। आपको बुरा लगे तो लगे और मैं तो अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने के लिए आया हूं। मैं ज्यादा समय नही लूंगा। बीच में हमारे कुछ भाइयों ने मेरा टाइम ले लिया . . .

**उपसभाध्यक्ष (श्री चिमन भाई मेहता):** प्लीज कन्क्लूड. . . .

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव:** उपाध्यक्ष जी, मेरे कुछ भाईयों ने मेरा समय ले लिया। तो मैं आखरी बात कहना चाहूंगा।

**उपसभाध्यक्ष (श्री चिमन भाई मेहता):** नही नही। आपको ज्यादा समय दिया है वह हिसाब करके दिया।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव:** मैं आपसे केवल इतना निवेदन करूंगा और दो मिनट में अपनी बात खत्म कर दूंगा। जो हम डिपोजिट करते है, बिहार के बैंकों में डिपोजिट करते है, और बैंक जो कर्ज देते है, वह हमें केवल बैंक डिपोजिट का 57 प्रतिशत देते हैं।

[श्री हुक्मदेव नारायण यादव]

मैं पूछना चाहता हूं कि हमने जो जमा किया, उसका हमको 57 प्रतिशत ही कर्जा दिया और बाकी को आपने कलकत्ता, बम्बई और दिल्ली जैसे बड़े-बड़े शहरों को सजाने के काम में लगाया, ऐसा क्यों ? मैं आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि इन शहरों को सजाने के लिए गांवों को लात मत मारो और शहरों को रानी की तरह सजाओ मत।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मन में, दिल में, बहुत दर्द की कहानी है। यह इतनी है कि करते रहो, तो कहते चला जाऊंगा और उसका कोई अन्त नहीं होगा। हमारे दर्द की कहानी द्रोपदी की साड़ी से भी ज्यादा लम्बी है। हमने इतने कष्ट झेले हैं, गांव में रहने वाले किसानों ने इतने कष्ट झेले हैं।

इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं अन्तिम बात कहते हुए कि हे, दिल्ली के शासक और सत्ता में बैठने वाले सावधान हो जाओ। इस दिल्ली को सजाने को जिन-जिन राजाओं ने सपना देखा था, यह दिल्ली कभी उसकी हुई नहीं। यह दिल्ली का प्राचीन इतिहास रहा है। हस्तिनापुर, इन्द्रप्रस्थ जबसे दिल्ली बनी थी, तब से उठाकर आप देखें, तो हर बार सत्ता में आने वाले लोगों ने इस दिल्ली को सजाने का काम किया है और जब-जब यह दिल्ली सुन्दर बनकर इठलाती इतराती है, तब तक यह दिल्ली ध्वस्त हुई है। यह दिल्ली की कहानी है। इसने अपने आशिक को जो लात मारी है, शायद दुनियां की किसी राजधानी ने अपने आशिक को इतनी क्या लात नहीं मारी होगी। इसलिए दिल्ली की सुन्दरता में मन फंसो। चलो, अपने गांवों की ओर और झोपड़ी में रहने वाली गरीबनी माताओं और सड़क पर चलने वाले गरीब लोगों के उत्थान का काम करो। राजीव गांधी का जय-जयकार और जिन्दाबाद करने से काम नहीं होगा। उनकी नीतियों को लागू करके उन गरीबों को उठाओगे, तो यह राज चलगा और मैं तो मारा जाऊंगा। लेकिन मैं जो कहता हूं, तो आपको दुख लगता है और आप कुछ मत करो, गरीबों को मरने दो .... (घंटी) ...... उन गरीबों के मुंह से आपके लिए आह निकलने दो और उस आह में आप जलकर राख हो जाओ, तभी मेरे जैसे व्यक्ति को सत्ता में आने का मौका मिलेगा। धन्यवाद।

SHRI RAOOF VALIULLAH: Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support the Appropriation (No. 5) Bill, 1985 as passed by the other House and brought to this House by the hon. Minister of State for Finance.

I would only like to make a few observations on the current schemes and on the fiscal measures that the Government has introduced recently and suggest some changes for the betterment of those concerned.

Sir, the introduction of the Social Security Scheme in the last Budget to cover the risk of death by accident in respect of an earning member of poor families comprising landless labourers, small and marginal farmers, craftmen and other, not covered by any insurance scheme, for payment of Rs. 3,000 to the dependants of the deceased, fulfils a long-felt need for assisting the families which do not even have the money for their funeral rights. I would only suggest that in this matter instead of covering only the death by accident, all deaths should be covered to give a wider coverage because, as I understand, deaths by accidents are only 0.1 per cent or one per thousand, whereas the normal deaths are 1 per cent, that is, ten per thousand. Thus, the proposed scheme in the Budget would cover only a small number of people. But, if all deaths are included, it would give ten times more coverage. If necessary, for this purpose a social security fund can be created by the Government.

Sir, the second point that I would like to raise is about the Crop-Insurance Scheme. Sir, it will definitely boost up the morale of the farmers, and it will have a positive effect on increasing the agricultural production. The insurance cover of 150 per cent of the crop loan at low insurance premium is another long-awaited step in the right direction.

I congratulate the Government for that.

As is well-known mostly the crop-loans are given by the District Central Cooperative Banks which from 75 to 80 per cent. of their total lending and their overdues are more than 50 per cent. There are two advantages of this scheme. On one side, the crop insurance will help the farmers in time of failure of the crops due to no rains or natural calamities and he would not fall in the class of defaulters for no fault of his. On the other the insurance claims will settle the outstanding crop loans of banks mostly cooperative banks and hence would improve the financial position of these banks. I would, however, say that the scheme should be prepared in a fool-proof way so that its implementation becomes smooth and effective. There are many loopholes in the scheme at present and the Government's attention has been drawn on these loopholes.

The third item that I would like to raise is that in its declaration in the budget the Government has said that it is committed to further strengthening and improving special programmes like the Integrated Rural Development Programme covering rural areas and self-employment programmes for educated unemployed covering the entire country except the metropolitan cities for generation of adequate employment opportunities. But I would like to point out, that while these programmes have created tremendous effect on eradication of poverty and employment generation, there is no programme developed by the Government for the urban poor. I would request the Government for preparing a similar scheme for the urban poor also where the population exceeds 10 lakh in a city. Similarly, the schemes for educated unemployed may also be extended to these urban areas and appropriate budgetary provision is also made.

The fourth item is that coupled with various relaxations for industrial sector, the proposal to set up a Board for financial and industrial reconstruction to provide a speedy mechanism for amalgamation, merger and devise such other solutions for large and medium secfor sick units which would go a long way for sustaining and increasing industrial production as also to save the workers of such units from retrenchment and unemployment. At the same time, there is a strong move by imposing measures that the onus for reporting sickness of industries will be laid on the management who will be required to seek a fresh mandate from their shareholders after 50 per cent of net worth of the company is eroded and for removing the existing management if the company loses its entire net worth. Sir, I congratulate the Government for introducing the necessary legislation to legitimate dues of workers to rank above the secured creditors like banks and above; and even the dues of the Government, I am sure will definitely take care of the interest of the workers.

Sir, it is heartening to note that banks have achieved the target of 40 per cent priority sector loans to their total advances before March, 1985—the stipulated time limit. But I share the anxiety of the Honourable Finance Minister about the slow pace of recovery of past loans. One of the major reasons of poor recovery is that the rural branches of banks are not provided adequate staff as well as conveyance. Most of the rural branches are "One-man officer" branches without any conveyance facilities. It is suggested that the Government of India should instruct all public sector banks to post at least two officers at all rural branches which are basically implementing all rural development programmes.

Sir, one of the most important means of raising taxes is through direct and indirect taxation. I want to suggest a few important things about the collection of income-tax.

I had mentioned this in my last speech and I was very eager and anxious that some of these suggestions had been incorporated by the Finance Minister. The first important point is the pre-assessment of payment of taxes. Sir, Rule 30 of the Income Tax Rules 1962 provides for different time limits for payment of taxes, deducted at source under the various sections. I suggest that a uniform time limit of sixty days from the end of the month in which the payment is made requiring deduction of tax at source may be provided. In cases where tax is required to be deducted on

the basis of credit of the income to the account of the payee rather than the actual period, such period of sixty days may be accounted for from the end of the month in which the credit is made. Sir, the second important point that I have made last time and that I am repeating now also is the consolidated return for tax deducted at source. Sir, many people in this country, including the Chartered Accountants have submitted to the Finance Minister that it is advisable to introduce a system of filing one consolidated return for deduction of tax at source under various provisions of the Act once a year i.e. on 30th June so that the officers can determine whether the assessee has complied with the requirements of tax deduction. This will also simplify and facilitate administration of these provisions. Sir, the third important thing is the difficulty of obtaining credit for taxes paid in advance of availability of challans in the Income Tax Department. This is my own experience and I suggest that a system of separate bank pass books regarding payment of taxes may be introduced. This may be a column number one indicating the date of payment, the amount paid and the assessment year in respect of such payment is made. Sir, the Reserve Bank of India or the State Bank of India may be requested to open their branches in the important income tax buildings throughout the country. This is necessary in view of the fact that several nationalised banks, even now, refuse to accept payments from the assessees who do not have accounts with them. These are the suggestions as far as income tax payment is concerned and I hope the Minister will take cognizance of that. Thank you.

**श्री कैलाश पति मिश्र** (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, भारत सरकार पैसा किस दिशा में खर्च कर रही है या नहीं खर्च कर रही है, उसका देश के ऊपर क्या परिणाम हो रहा है, मैं इसके कुछ उदाहरण आपके सामने रख देना चाहता हूं।

श्रीमन्, अभी रूस के अन्दर मास्को में एक विराट युवा सम्मेलन हुआ। भारत की ओर से वड़े जोशोखरोश के साथ युवकों की टोली गई। जब वहां भारतीय युवा शक्ति के प्रदर्शन का समय आया तो जब हमारे युवकों के सामने भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ में लेकर उसके गौरव को प्रकट करने का अवसर आया तो एक युवक ने साफ कह दिया कि मैं भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ में नहीं लूंगा। उन्होंने कहा कि यहां मेरा घर है, मेरे हाथ में लाल झंडा रहेगा। और भी खबरें मिली हैं इस बारे में। दूसरा युवक जो रूस में जो भारत का रूप सामने रखने के लिए गया था वह जिस दल से संबंधित था उसका बेज लगाए रखा। उसके बाद में जो समाचार पत्रों में समाचार छपे हैं, उसके संदर्भ में कहूंगा कि भारत का मस्तक कलंक से झुक जाता है, चूल्लू भर पानी में डूबने लायक दिखाई नहीं देता। मैं आदरणीय मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि तीन दिन पहले भारत के समाचारपत्रों में यह समाचार छप गया है, मैं उसका उल्लेख करता हूं। मंत्री महोदय जवाब दें। यह गलत साबित हो जाए तो मुझ को सबसे अधिक प्रसन्नता होगी। समाचार छपा है कि रात में 11 बजे के बाद होस्टल में स्थान लेने के बाद 17 युवकों की टीम गायब हो गई। युवक वहां से गायब हो गये। रूस की सरकार को चिन्ता हुई। गुप्तचर विभाग के कर्मचारी चले। गुप्तचर के कुत्ते चले और काफी छानबीन करने के बाद होस्टल के सामने जो जगह है वहां पर जा कर यह पकड़े गये। कल्पना करिये स्थिति की कि पांच मिनट तक रूस गुप्तचर विभाग जोर देता रहा है कि कपड़े ठीक-ठाक कर लो, फिर से कपड़े पहन लो। दूसरी खबर छपी। मैं नहीं जानता क्या है। विधायक महोदय की जब जांच होने लगी तो उनके बैग से विदेशी शराब की 12 बोतलें निकली। अभी माननीय सदस्य रूद्र प्रताप सिंह जी गौरव के बारे में बोल रहे थे। मुझे बहुत प्रसन्नता है कि भारत की युवा शक्ति जागे लेकिन वह शक्ति कौन सा दर्शन लेकर, कौन सा सिद्धांत लेकर बाहर जा रही है। भारत का गौरव उससे कितना बढ़ता है इस पर भी जरा मंत्री महोदय बोलें। मुझे आश्चर्य लग रहा है कि युवकों को भेजने में भारत सरकार ने पूरे पक्षपात का व्यवहार

किया । कई ऐसे युवा संगठन हैं राष्ट्रीय स्तर के जिनमें चरित्र है, जिनमें अनुशासन है, जिनमें सिद्धांत हैं, जिनका जीवन परखा हुआ है। विद्यार्थी परिषद् के युवकों को नहीं भेजा गया। भारतीय जनता युवा मोर्चे के नौजवानों को नहीं भेजा गया। मुझे तो पता लगा है कि जो गुप्तचर विभाग के द्वारा पकड़े गये हैं आज भी उनमें से दो रूस की जेल में पड़े हुए हैं। मंत्री महोदय इसका कंटराडिक्शन करें मुझे बहुत प्रसन्नता होगी। भारत किधर बढ़ रहा है, कहां पर अपना पैसा खर्च कर रहा है? मार्च महीने में सरकार ने कहा था कि प्रेस वर्कर्स वेज बोर्ड बना दिया है। इसकी घोषणा हो गई। आज हम अगस्त, में खड़े दिखाई देते हैं, मैं जानना चाहता हूं कि वेज बोर्ड का दफ्तर कहां है, उसकी कुर्सी कहां है, कौन प्राणी वहां बैठा हुआ है? इसके भूतल में इस घोषणा का कहीं पता नहीं चलता। परिणाम यह हो गया है कि मार्च महीने से लगातार अगस्त महीने तक जिस दर से देश में महंगाई बढ़ रही है, और तेज होती चली जा रही है इस समय जब पत्रकार कर्मचारी मालिकों के पास जाते हैं तो उन्हें एक बहाना मिल जाता है कि वेज बोर्ड बन गया है। वेज बोर्ड जब तक कोई फैसला नहीं करेगा तब तक हम एक पैसा भी नहीं दे सकते। वे बेचारे मारे जा रहे हैं। यहां तक कि दो पदाधिकारियों को नामांकित करने की बात भी कर रखी है वेज बोर्ड में; लेकिन सरकार ने इतना भी नहीं किया। किधर प्रगति हो रही है? अनेक सदस्यों ने कहा है कि अगर भारत की दुर्दशा के बारे में वर्णन शुरू करें तो, मैं बिहार से आता हूं, मैं बताना चाहता हूं कि एक रेलवे पुल की योजना 1972 में बनी थी और 1973 में स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपने कर-कमलों से बगाह-छतौली रेलवे पुल पर सात किलोमीटर रेल लाइन बिछाई। आज उसका क्या हो रहा है? इस पर देख कर आश्चर्य लगेगा कि केन्द्र की सरकार ने काम बढ़ाने के लिये एक हजार रुपया सैंक्शन किया है। जनता के साथ मजाक है, बिहार की जनता के साथ मजाक है, दुर्दशा में पड़ी हुई जनता के साथ मजाक है। इस सवल के अन्दर जूट फैक्टरियों की भी चर्चा हुई। सरकार ने कहा कि हम किसानों को बर्बाद नहीं होने देंगे। किसानों को उचित मूल्य देने के लिये जूट कारपोरेशन आफ इंडिया खड़ी हो गई है। मैं जानना चाहता हूं कि जे० सी० आई० को आपने कितना पैसा देकर खड़ा किया है किसानों से सीधा जूट खरीदने के लिये? कटिहार में एक जूट मिल के आधुनिकीकरण का प्रस्ताव सरकार ने स्वीकार कर लिया है। जहां 20 लाख गांठ से ज्यादा पैदावार होती है और एक जूट फैक्टरी में जहां प्वाइंट फाइव परसेंट भी खपत नहीं होती बिहार के जूटों की तो मैं जानना चाहता हूं कि जिस आधुनिकीकरण की बात की है वह आधुनिकीकरण किधर जा रहा है? बिहार की कई फैक्टरियां बन्द हो गई। इसी के साथ इसी सदन में रोहतास इंडस्ट्रीज का सवाल भी उठा था। मैंने उठाया था और माननीय श्री कल्पनाथ राय ने भी उठाने को कोशिश की है। आज वहां पर 15 हजार से 20 हजार तक मजदूर बेकार हो गये हैं . . . (व्यवधान)

**श्री रामानन्द यादव** (बिहार) : आप को श्री कल्पनाथ राय तो याद आ गये लेकिन हमने भी यह मामला उठाया था, हमारी बात आप भूल गये।

**श्री कैलाशपति मिश्र** : श्री रामानन्द यादव जी, अगर आपने भी उठाया है तो आपको भी शत बार धन्यवाद देता हूं। महोदया, विरोधी दल के सदस्य मामले को उठाते हैं, सत्ताधारी दल के सदस्य उठाते हैं तो केन्द्र में बैठकर सरकार क्या कर रही है? मैं पूछना चाहता हूं कि आज हजारों मजदूर वहां पर मर रहे हैं। डालमिया के कारखाने को खोलने के लिए, सरकार क्या कर रही है? मैं पूछना चाहता हूं कि इन सारे उद्योगों को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है। चीनी की मिलें वैसे ही बंद हैं। सरकार गरीबों को ऊपर उठाने की बात करती है। मैं आपका ध्यान संथाल परगना की तरफ दिलाना चाहता हूं। वहां पर एक हजार आदिवासियों पर मुकदमें चल रहे हैं। बेचारे गरीब लोग सिर्फ अंगूठा लगाना जानते हैं। उनके पास कोई पैसा नहीं है।

[श्री कैलाशपति मिश्र]

कोई पैसा उड़ा ले गया और जो 80 प्रतिशत सब्सीडी दी जाती है उसका उनको कोई पता नहीं है। अब उसके बारे में उन पर मुकद्दमा चलाया जा रहा है। वे कभी जेल में जाते है, कभी जेल के बाहर होते हैं। कभी पुलिस उनको गिरफ्तार करती है और कभी कोई अन्य उन पर नाना प्रकार के अत्याचार करता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर आपको राष्ट्र का धन खर्च करना है तो इन लोगों पर खर्च कीजिये। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। इस सदन के अन्दर उद्योग राज्य मंत्री ने घोषणा की थी कि कुटीर उद्योगों के बारे में सरकार चेष्टा करेगी। दस लाख नवयुवकों के हाथ में उद्योग आएंगे। वे उद्योग कहा आ रहे हैं, मैं यह पूछना चाहता हूं। मजदूर मर रहे हैं। माननीय श्री चन्द्र शेखर सिंह जिस इलाके से आते है वहां बिहार शरीफ से लेकर उनके घर तक 50 लाख बीड़ी मजदूर आज भूखों मर रहे हैं। वे इसलिए मर रहे हैं कि हिन्दुस्तान में बीडी बनाने में जो तम्बाकू लगता है उस पर पहले अलग से टैक्स नहीं था, लेकिन अब वह 4 प्रतिशत लगा दिया गया है। हालत इतनी खराब हो गई है कि ये मजदूर भूखों मर रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि भारत कहां बसता है? भारत शहरों में नहीं बसता है। भारत के पांच लाख गावों में भारत बसता है। उनकी आपको कोई चिन्ता नहीं है। ऐसी स्थिति मे इस प्रकार से फालतू खर्च के लिए, अनावश्यक खर्च के लिए इस एप्रोप्रियेशन बिल के समर्थन करने का कोई औचित्य नहीं है।

**श्री सत्यपाल मलिक** : श्रीमन, मैं इस एप्रोप्रिएशन बिल का स्वागत करने और समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। बजट आने के बाद जो बजट पास हुआ था उसके बाद देश में कई तरह की बहसें चल रही हैं। आर्थिक मोर्चे पर बहसें चली हैं। इनमें जाने के पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे देश के प्रधान मंत्री ने शायद देश की आजादी के बाद पहली बार यह कोशिश की है कि हिन्दुस्तान के सबसे गरीब आदमी के झौपड़े में जाकर, जहां पर कोई माल–असबाब नहीं होता है, जहां पर यहां तक तवा–परात भी नहीं होती है, वहां जाकर उसके हालचाल पूछें। उसके लिए मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं। मैं उन लोगों में नहीं हूं जो यह कहें कि माननीय प्रधान मंत्री जी के वहां जाने से बहुत कुछ हो जाएगा। लेकिन वह आदमी जो पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का धेवता होने के बावजूद, आराम की जिन्दगी जीने के बावजूद, विदेशी शिक्षा पाने के बावजूद 402 सदस्यों की पागल और मदमस्त करने वाली ताकत के बावजूद, दुनिया के सब राजनीतिज्ञों में सबसे अधिक खतरे में होने के बावजूद, बिना कार्यक्रम के साधारण आदमी के घर के दरवाजे पर जाकर उसका दरवाजा खटखटाता है और पूछता है कि हिन्दुस्तान का जो बजट है, जो योजनाएं हैं उसका लाभ आपको मिला है या नहीं?

यह बात अपने आप में हिन्दुस्तान के इतिहास की सबसे शानदार चीजों में से मैं मानता हूं। श्रीमन, मैं जब यह बात कह रहा हूं तो उसके साथ मैं अपने कर्त्तव्य से हटूंगा अगर मैं जो अच्छी नीति, अच्छी नीयत और अच्छे इरादे होने के बावजूद जहां-जहां हमारी असफलतायें हुई है, जहां-जहा हमें कुछ करना है अगर मैं उसका जिक्र न करूं। श्रीमन, इस बजट के आने के बाद इस देश में एक बड़ी विचित्र बात हो गई। जिस वक्त नई सरकार का बजट आया, मैं नहीं जानता कि कौनसी ताकतों ने सारे देश मे इस प्रचारित करने की कोशिश की कि यह सारा मुल्क खुला हुआ है, हिन्दुस्तान में बड़े लोगों के लिये, व्यापारियों के लिये, विदेशियों के लिये, विदेश व्यापार करने वालों के लिये है, यह सारे देश में प्रचार किया गया कि यह बजट उन लोगों का बजट है। जब कि ऐसा था नहीं। ऐसा करने वाली कोई अदृश्य ताकत है जो आप और हमको दीखती नहीं है। उस ताकत ने एक ऐसा वातावरण बना दिया जिससे मार्केट की जो शोषक ताकतें थी, जो दाम बढ़ाने वाली ताकतें थी, जो सैकड़ों सालों से मार्किट मे पल रहीं थी और जिसके उपर लोकतन्त्र के चलते काबू नही हो पाया था, वे सारी ताकतें खुलकर खेलीं। इसके चलते आम आदमी को काफी दिक्कतें हुई हैं और इसकी तरफ मैं

माननीय वित्त मंत्री का ध्यान दिलाना चाहता हूं और इसकी तरफ हमें जाना चाहिए। मैं निवेदन यह करना चाहता हूं सरकार से कि जो एक स्टेगनेशन आया था, इंडस्ट्री के मामले में, प्रोडक्शन के मामले में, कारखानों में उत्पादन के मामले में, जो-जो दिक्कतें थीं उनको दूर करने की कोशिश की गई हैं। इसके लिये मंत्री महोदय बधाई के पात्र हैं। लेकिन जो हम औद्योगिक उत्पादन का फार्मूला बनाना चाहते हैं उसको बनाने में गलती न हो, उसके लिये मैं निवेदन करना चाहता हूं। साउथ कोरिया की मिसाल सभी अर्थशास्त्री देते हैं। लेकिन वहां लिबरलाइजेशन हुआ है और इसके साथ-साथ उनके वहां बहुत सी ऐसी व्यवस्थायें हैं, मैनेजीरियल जिससे उसके दुरुपयोग की संभावनायें कम हैं। लेकिन हिन्दुस्तान में दुरुपयोग की संभावनायें ज्यादा हैं। श्रीमन्, मुझे इस बात को कहते हुए झिझक नहीं है कि तीन-चार-पांच सैकड़ा आदमी ऐसे हैं जिन्होंनें देश की दौलत अपने हाथ में इकट्ठा कर ली है, मैनेजीरियल तरीके से, और उनकी संतानों के हाथों में यह दौलत जा रही है। उनका रहन-सहन, ऐय्याशी, उनके तौर तरीके जो हैं उससे एक कंज्यूमर कल्चर सारे देश में पिछले डेढ-दो सालों से हावी होने की कोशिश कर रहा है। यह हमारे लिये बदकिस्मती की बात है। हिन्दुस्तान गरीब है। गरीबी से लड़ा जा सकता है, हम गरीबी से लड़ सकते हैं, गरीबी हटा सकते हैं, लेकिन गरीब देश में रहने के बावजूद इस बात की इजाजत नहीं दी जा सकती कि हिन्दुस्तान में 50 सैकड़ा आदमी 2 रुपये से कम आमदनी पर जिएं। जो एक कुत्ते की जिन्दगी के लिये जरूरी है उससे वह कम पर जीते हैं। हिन्दुस्तान के सरकारी माध्यम रेडियो और टेलीविजन के ऊपर बेहतरीन 4 हजार रुपये की सूट लैंथ पहने और उसके साथ खुबसूरत जवान काया लिये चिकनी चुपड़ी लड़की को अपनी बगल में लेकर उस सूट के कपड़े की नुमाइश करे तो यहां पर इसकी इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। मैं माननीय वित्त मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि किसी भी सरकारी माध्यम से जो बड़े लोग हैं, जो ऊंचे वर्ग के हैं, जो लूटकर इस देश में मालदार हुए हैं उन लोगों को आदर्श बनाने की कोशिश तत्काल बन्द होनी चाहिए। इस तरह का वातावरण जो देश में बनाया जा रहा है कि हिन्दुस्तान अमेरिका होने वाला है, हिन्दुस्तान फ्रांस होने वाला है, हिन्दुस्तान इंग्लैंड होने वाला है, इस वातावरण को हमें तत्काल रोकना है। वरना इसके नतीजे हमारे देश के लिये बड़े खराब होंगे।

महोदय, माननीय प्रधान मंत्री ने सदन के सामने सबसे बड़ी चुनौती स्वीकार की है जो उन्होंने कहा है कि हमें इक्कीसवीं सदी में जाना है। विरोधी दल के लोग इसका मजाक उड़ा सकते हैं। लेकिन मैं उनको बताना चाहता हूं कि चीन में माओ-त्से-तुंग की मृत्यु के पश्चात् जब वहां का सारा नेतृत्व बैठा तो वे एक ही नतीजे पर पहुंचे कि चीन सरवाइव नहीं कर सकता, अगर वह नई टैकनालाजी आयात नहीं करेगा। इसलिये चीन ने तय किया कि हम नई टैकनालाजी आयात करेंगे। मैं प्रधानमंत्री जी की इस नीति और उस नीयत का समर्थन करता हूं। उन्होंनें इस बात को अमेरिका की धरती पर कहा कि हिन्दुस्तान इसको किसानों के फायदे के लिये लेना चाहता है, आम आदमी के फायदे के लिये लेना चाहता है। लेकिन श्री राजीव गांधी की नेक-नीयती से सारा काम नहीं बन सकता। मैं कहना चाहता हूं कि इसके लिये सारा मंत्रिमंडल, सारी पार्टीज, सारी ब्यूरोक्रेसी को यह देखना होगा कि जो प्रधानमंत्री की नीयत है वह लागू हो रही है या नहीं। मुझे डर यह लग रहा है कि जो नई टैकनालाजी है यह केवल संगीत के लिये, गाने के लिये या नाच के लिये न आए। जो हमारे यहां कंज्यूमर कल्चर है उसको मजबूत करने के लिये न आए ताकि लोग बेईमानी से रुपया कमायें और जो अधुनातन चीजें मौज करने की हैं उनको हासिल करने की कोशिश हो। हड़प्पा से जो बैलगाड़ी निकली थी, वही बैलगाड़ी हमारे बाप-दादा चला रहे हैं। उसमें कुछ भी रिनौवेशन नहीं हुआ है। कर्ण के पास रथ की जो धुरी थी, कील थी, वह अभी भी नहीं निकली है, वही कील रथ तथा

[श्री सत्यपाल मलिक]

गाड़ी में लगाई जाती है। तो इस देश की जो टेकनालाजी है वह कहां जायेगी, जिस टेकनालाजी को आम आदमी इस्तेमाल में लाता है। उपभोग के लिये, ऐयाशी के लिये, आधुनिक जिंदगी के लिये, सारी सुविधायें जुटाने के लिये अगर वह टेकनालाजी चली गइ बढ़िया साबुन बनाने के लिए, बढ़िया क्रीम बनाने के लिए, बढ़िया कपड़ा बनाने के लिए, टेलीविजन, ट्रांजिस्टर बनाने के लिए, तो सारा अटैम्पट जो माननीय प्रधान मंत्री जी का है, वह खत्म हो जाएगा।

मैं यह कहना चाहता हूं कि इसमें हमारे वित्त विभाग को और सारे मंत्रालय को बहुत सजग और सावधान रहना पड़ेगा।

[**उपसभाध्यक्ष (डा० श्रीमती सरोजनी महिषी)** पीठासीन हुईं।]

दूसरी महत्वपूर्ण चीज जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि इस देश का जो उद्योग है--मैं कोई उद्योगों के खिलाफ नहीं हूं--वैसे इस वक्त जो देश की स्थिति है, उसमें उसको हमें बहुत गम्भीरता से सोचना पड़ेगा। इस देश में जो मामूली आदमी है, खेती करने वाला मजदूर है, किसान है, सरकारी पेशा है, नौकर है, फौज में काम करता है, पुलिस में करता है, उसने सारे एशियाई मुल्कों में चीन को छोड़ कर सबसे ज्यादा ग्रास डोमेस्टिक सेविंग की है। सन् 1960 में जो 8 प्रतिशत थी, आज वह 25 प्रतिशत होने को आई है, 23 प्रतिशत के ऊपर तो चली गई। लेकिन उद्योग ने कोई सेविंग नहीं की।

किसान को जब जरा सी टेकनालोजी मिली, नये बीज मिले, खाद मिली, पानी मिला, उसने आपके सारे अन्न के भण्डार--आप कटोरा लेकर अमरीका जाकर मांगते थे और रोज झंझट होता था--उसने भाखड़ा-नांगल बनते ही, उसने नये बीज मिलते ही, नये फर्टिलाइजर मिलते ही आपके सारे जखीरे भर कर रख दिये लेकिन जो यह उद्योग लगाये हुए आदमी हैं, यह क्या कह रहा है, सारे देश के जो उद्योग हैं, उसकी आज यह हालत नहीं रह गई है कि वह अपने आप में से इतनी बचत करता हो कि वह नये सिरे से उस सारे उद्योग का रेनोवेशन कर सकता हो, नई मशीनें मंगाई जा सकती हों, उसका आधुनिकीकरण हो सकता हो। उसको बीमार करता है जान-बूझ कर और आज जब हम कहते हैं कि आप दुनिया के मुकाबले कपड़ा बनाइये, तो कहता है कि मुझको फाइनेंशल इंस्टीच्यूशंस में पैसा दिया जाए। आप उसको पैसा देते हैं, सब्सिडी देते है और उसका इस्तेमाल उनको जाकर देखिये डेढ़-डेढ़ करोड़ की शादी, दो-दो करोड़ की शादी, पांच-पांच हजार का इन्विटेशन छपता है, दिल्ली के अंदर कोई कानून उसके ऊपर नहीं लगता है, दो-दो करोड़ रुपया शादी में सिर्फ आतिथ्य पर दिल्ली में खर्च हो जाता है, कोई अंकुश उसके ऊपर नहीं है। तो यह जो हरामखोर एक क्लास पैदा हो गई है मुल्क में, इसको फाईनेंशनल इंस्टीच्यूशंस से मदद देते वक्त जो सब से सख्त आपके पास डिसिप्लन है, उसको लागू करने की कोशिश कीजिए, वरना पंजाब के आतंकवाद से लड़ा जा सकता है तमाम लोगों से लड़ा जा सकता है, नागालैंड में आतंकवाद से लड़ा जा सकता है, लेकिन यह जो 53 प्रतिशत भूखे लोग दो रुपये रोज जिनको नहीं मिलता है, यह जो फौज खड़ी हो रही है, इसके सामने लड़ने के लिए कोई खड़ा नहीं होगा क्योंकि जिसके हाथ में राईफल है, वह इन्हीं घरों से आया हुआ है।

अभी वक्त है। मैं शायद बहुत पहले की बात कह रहा हूं चेताने के लिए सरकार को भी और सारे सदन को भी इस बात को देखने की कोशिश करो। एक फौज का ब्रिगेडियर जो तीन-तीन लड़ाईयों में गोली से नजदीक से होकर गुजरा है, उसकी यह औकात नहीं है कि गाड़ी में पैट्रोल डलवा कर दफ्तर आ सकता है, चार-चार अफसर एक साथ गाड़ी में आते हैं। पर एक मालदार, हरामखोर सेठ का लड़का गोल्डन चाबी रखता है, गोल्डन की का मतलब है कि ओबराय होटल में पूरा साल उसका कमरा बुक रहता है रंग-रेलियां करने के लिए। यह दोनों चीजें एक साथ देश में नहीं चल सकती।

तो मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जो आपको इंडस्ट्रियल सैक्टर है, उस पर डिसिप्लन लगाने की कोशिश करिए। जो नई टक्नोलोजी लाने की बात हो रही है, उसको उत्पादन में लगाइये, मास प्रोडक्शन में लगाइये, किसानों के लिए इस्तेमाल करिए, गरीब आदमी के लिए इस्तेमाल करिए, जो गरीब आदमी है गांव का, उसको स्किल्ड करिए आज उसके पास न पढ़ाई है, कोई काम नहीं जानता है, मजदूरी के अलावा जो उसके बाप-दादा के काम थे वह खत्म हो गये हैं। वह आज न जुलाहा है, न तेली है, न धोबी है, न लोहार है, वह सिर्फ मजदूर है, पाच रूपये में कर लेगा, तीन रूपये में कर लेगा, दस रूपये में कर लेगा, सिर्फ मजदूरी जानता है। उसको स्किल्ड करिए और कोशिश करिए कि उसको गांव में ही आसपास कहीं रोजगार दिया जाए।

मैं बहुत लम्बा हो जाऊंगा, अगर मैं जो देश में किसानों की स्थिति है यूं तो जो किसान छोटा, मझोला और भूमिहीन है, यह करीब 50 प्रतिशत से ज्यादा हो जाते हैं। यही लोग सताये हुए लोग है, यही सस्टेन नहीं कर पाते है मानसून फेल होता है, तो यह मरता है, कहीं बाढ़ आती है, तो यह मरता है, सर्दी पड़ती है, तो यह मरता है, लू लगती है, तो यह मरता है तो इसके सिर्फ मस्टेनेंस की बात नहीं है, इस पर मैं बाद में आऊंगा, जो खेत की बात है, अब थोड़े वक्त में उसी को खत्म कर देना चाहता हूं। देश में नई शिक्षा नीति की बात आई, आप बधाई के पात्र हैं, टैक्सटाईल पालिसी आई, आप बधाई के पात्र हैं, इंडस्ट्रियल पालिसी आ गई, आप बधाई के पात्र हैं। लेकिन खेती की कोई नई नीति की आप बात नहीं कर रहे हैं।

इसके लिए मुझे शिकायत है और मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आज पूरे देश में जो इस वक्त खेती की स्थिति है और मैं इसको निजी तजुर्बे से, माननीया, कहना चाहता हूं कि जब मैं कालेज में पढ़ता था, तो मेरे गांव में खेती-पेशा घर एक भी नहीं था जिसमें दो वक्त चूल्हा न जलता हो। खाना जरूर मिल जाता था। लेकिन आज मैं ऐसे परिवार जानता हूं कि जो हम में से निकले हुए हैं और दो वक्त खाना नहीं बनता और उस किसान की पूरी परचेजिंग पावर खत्म हो गई है, वह कर्जों में दबा हुआ है। जो चीजें वह पैदा करता है उसके दाम नहीं बढ़ रहे हैं, जो चीजें वह खरीदता है उसके दाम बढ़ रहे हैं। चाहे वह बिजली है और चाहे डीजल है। तो एक व्यापक नीति किसानों के बारे में तैयार करके आपको देश के सामने आना चाहिए ताकि देश का किसान जिस तरह से प्रोडक्शन बढ़ाता रहा है उस तरह से वह प्रोडक्शन आगे भी बढ़ाता रहे और वह देश को खुशहाल बनाए। आज जो मजबूत आर्थिक स्थिति देश में मौजूद है तो उसका सब से बडा कारण यह है कि किसान सारी दिक्कतों के बावजूद, उत्पादन बढ़ाता रहा है। पंजाब जल रहा था, सभी तरफ बर्बादी थी लेकिन वहां के किसान ने सब से ज्यादा गेहूं पैदा करके दिखा दिया। पंजाब के किसान नम्बर एक पर हैं और आप उन्हीं की परवाह नहीं करते हो। इससे कुछ नहीं बनने वाला है। देश के किसान पर ही सारे देश की इकोनोमी कायम है। लेकिन उसको कपास का, जूट का, गन्ने का दाम नहीं मिलता, उसे गेहूं का दाम नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद वह प्रोडक्शन बढ़ाता है। यह जो शहरी चीजों के दाम बढ़ते हैं और गांव के खेत की चीजों के दाम घटते हैं, चाहे मोरारजी देसाई की सरकार रही हो और चाहे हमारी सरकार रही हो, कागज पर दिखाने के लिए तो उपलब्ध रहता है कि दाम नहीं बढ़े हैं, ये दाम नही बढ़ है सभी ये तर्क करते रहे हैं, चाहे जनता सरकार के लोग करते रहे हों और या हम करते रहे हों, लेकिन यह सब किसान की कास्ट पर होता है चूंकि उसकी चीजों के दाम कम बढ़ते हैं और शहरी चीजों के दाम ज्यादा बढ़ते हैं। कुल मिलाकर लगता है कि सब ठीक-ठाक है। तो मैं कहना चाहता हूं कि एक व्यापक, सोची-

[श्री सत्यपाल मलिक]
समझी और क्रांतिकारी कृषि नीति को इस मौजूदा सरकार को इस देश के सामने लाना चाहिए। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को इसके लिए बधाई दूंगा कि उन्होंने कृषि मूल्य आयोग का स्ट्रक्चर बदलने की बात कही है। लेकिन उस काम को जल्दी से जल्दी कर देना चाहिए।

अंत में जो सब से महत्वपूर्ण चीज मेरी निगाह में है अब मैं उसकी तरफ आना चाहता हूं। यह जो गरीब आदमी हैं जिसके जहां हमारे राजीव जी गए थे और जिससे यह जानकारी चाही थी कि तुझको योजनाओं का कोई फायदा मिला है या नहीं, तो इससे बहुत जगह उनको पता चला कि फायदा मिला है और बहुत जगह पता चला कि फायदा नहीं मिला है। इसका नतीजा यह हुआ कि सारे देश में एक हरकत आयी। देश में शहरों में जो कोजी ड्राइंगरूम में बैठे हुए लोग थे वे भी यह चर्चा करने लगे कि हां, प्रधान मंत्री हैं जो नेकनीयती के साथ काम करना चाहते हैं। बेइमान आदमी की समझ में भी आया कि हां, यह काम तो ठीक है। तो यह बड़ा महत्वपूर्ण मामला है। सरकार में भी चिंतन हुआ कि जो हमारे रूरल डिवैलपमेंट के प्रोग्राम हैं उनमें फलां-फलां खामिया हैं। इस मामले में एक निवेदन करना चाहता हूं, मैं अगर कोई सख्त बात कहता हूं तो मैं उसके लिए माननीय मंत्री जी से मुआफी चाहता हूं, मैंने इस देश में आज तक वेदों के जमाने से और आज तक बहुत कुछ पढ़ा है आप तो बहुत विद्वान हैं जितना आज तक अकालों के बारे में पढ़ा है, अकालों में राहत देने के लिए चाहे वह वेदों का समय हो या फिर आप चले आइए मध्यकालीन युग में वह वक्त मध्यकाल का हो या अंग्रेजों का समय हो अकाल में राहत के दौरान जो गरीब आदमी के लिए काम किया जाता था वही काम हो रहा है और उसका ग्रामीण विकास और गरीब आदमी के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं यह बिल्कुल शाहजहांनी काम है। शाहजहां हर शनिवार को, जहांगीर हर शनिवार को पांच हजार अशरफियां गरीब आदमियों में बांटता था। यह पुण्य का काम है, अल्लाह को खुश रखने का काम है, गरीब लोगों की इमदाद का काम है, लेकिन यह मुल्क को बनाने का काम नहीं है। इससे वह गरीब आदमी सस्टेंड जरूर करेगा, उसको रोटी मिल जायेगी, वह भूख से बच जायेगा, वह सर्दी से बच जायेगा, लेकिन जैसा माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा है उसी तरह से करना होगा, उसको सिर्फ भूख से ही नहीं बचाना है बल्कि उसको ग्रोथ में भी लगाना है। ऐसे उसकी मदद करनी है जिससे कि वह उत्पादक बने, वह कोई चीज पैदा करे, उसकी एसैटस बढ़े, उसके पास अगर एक बकरी इस साल है तो अगले साल तीन बकरी हों, उसके बाद उसके पास में जमीन आये और तीसरे साल उसके बच्चे की पढ़ाई का इंतजाम हो। तो मैं कहना चाहता हूं कि इस देश में कोई काम करिए, रूरल डिवेलपमेंट प्रोग्राम का रूपया किसी भी बजट में, किसी भी खाते में कम नहीं करना चाहिए, क्योंकि इस देश का सर्वाइवल हमारे देश के गांव के गरीब आदमी पर निर्भर करता है, मैं यह भी कहना चाहूंगा और मुझे कोई झिझक नहीं है कि यह हुक्मदेव नारायण जी हमको और हम हुक्मदेव नारायण जी को सारा दिन इनके ऊपर कालिख यहां हमारे पर पोतते हैं और हम इनके ऊपर पोतते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आजादी की लड़ाई के 38 साल के बाद भी राजनीति में बड़ी तादाद में ईमानदार आदमी मौजूद थे, लेकिन मुझे यह कहते हुए कोई झिझक नहीं हो रही है जितना ग्रामीण उत्थान के लिए रुपया है जितना गरीब आदमी के उत्थान के लिए रूपया जाता है, उसका मैजोरिटी प्रतिशत रूपया इस देश का अफसर, इस देश के ठेकेदार और इस देश का तथाकथित ग्रामीण नेतृत्व, गांवों में भी एक नई नसल पैदा हुई है, कोआपरेटिव के माध्यम से, लोगों के माध्यम से, इस सारे गठजोड़ ने उस सारे रूपए को खाया है और गरीब आदमी के हाथ में कोई चीज नहीं पहुंची है। तो मैं माननीय मंत्री जी से चाहूंगा कि

इसके लिए जबरदस्त तरीके से प्रशासनिक सुधार आपको करने होंगे, जिसमें डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट से लेकर पंचायत के प्रधान तक के लिए सख्त से सख्त सजा की व्यवस्था हो, अगर वहां ग्रामीण विकास के कार्यक्रम सही तरीके से लागू न किए जाएं तो। बिना इसके प्रधानमंत्री जी ने जो यह एक जबरदस्त काम, नायाब काम किया है, वह बिल्कुल बेमतलब हो जाएगा और आज जो यह नेकनीयती के लिए किया गया काम है उस काम को करने के लिए और देश के परिवर्तन की इच्छा लेकर एक ऐसी महिला, जिसने कभी कीचड़ में चलना नहीं सीखा, उसको भी कीचड़ में लिए फिरने का काम है अब यह काम अगर हमने दस साल तक नेकनीयती से नहीं किया, तो सब बेमतलब हो जाएगा और हम जनता की अदालत में पेश हो जाएंगे।

इन शब्दों के साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस उत्साह के साथ आपने प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए परिवर्तन किया, जिस नए सिरे से गरीब आदमी को उठाने की बात चलाई है, उसको सही तरीके से इम्प्लीमेंट कीजिए। इसके साथ ही मैं इस विनियोग विधेयक का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

**श्री वीरेन्द्र वर्मा** (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, गत पांच वर्षों के बजट उठाकर अगर देखें, पहले वर्ष से अगले वर्ष का बजट अधिक घाटे का मिलेगा सन् 1984-85 से 1985-86 का बजट दुगुना घाटे का था, 3349 करोड़ रुपये का घाटा आपने दर्शाया, 37000 करोड़ रुपए का कालाधन समानान्तर अर्थ-व्यवस्था लिए चल रहा है द्वितीय पंचवर्षीय योजना में अनुत्पादक कार्यों पर 58 प्रतिशत खर्च होता था माननीय वित्त मंत्री जी। छठी पंचवर्षीय योजना में गैर-विकास कार्यों पर नान-प्लान व्यय आपका 70 प्रतिशत हो गया है जो एप्रोप्रिएशन बिल आपने अब पेश किया 3,872 करोड़ 54 लाख रुपए का, इसमें से एक तिहाई 1355 करोड़ रुपया योजना व्यय पर है और दो तिहाई 2516 करोड़ रुपया नान-प्लान के खर्चे हैं इन पिछले तीनों बजटों में, चाहे वह घाटे का बजट हो, चाहे वह अनुत्पादक कार्यों पर खर्चा है, नान-प्लान पर खर्चा है और काले धन का प्रचलन है, इन तीनों की वजह से हमारे देश की अर्थ-व्यवस्था को कभी अच्छा नहीं माना जा सकता और इन्हीं तीनों की बदौलत हमारे देश में कभी भी, जब तक यह विद्यमान रहेंगे, बढ़ती हुई महंगाई को रोका नहीं जा सकता।

उपसभाध्यक्ष महोदया, जिस देश की 50 प्रतिशत से अधिक जनता गरीबी की रेखा से नीचे रहती हो, वहां अनुत्पादक व्यय, नान-प्लान खर्चे अधिक हों, प्लान खर्चे कम हों, यह क्या अपराध नहीं है? माननीय मंत्री जी, मेरी बातों को नोट कर लें और जवाब भी दें मान्यवर, आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों मे वृद्धि हुई है यह वृद्धि अगर समानान्तर होती, समानता के साथ होती, तो मुझे कोई शिकायत नहीं थी किसान जो पैदा करता है, उसके मूल्यों में वृद्धि सन् 1970-71 के मुकाबले में 100 में 136 प्रतिशत हुई है या 200 प्रतिशत तक भी मैं मान सकता हूं लेकिन जो चीजें इस्तेमाल करके वह खेती में पैदावार बढ़ाता है, चाहे खाद है, चाहे बिजली-पानी के रेट हैं या फर्टिलाइजर है या डीजल और दूसरी मशीनरी हैं, उनकी कीमतें कृषि-उत्पाद मूल्यों में कहीं अधिक बड़ी हैं और जो चीजें किसान खरीदता है, उनके मूल्यों में इन दोनों के मुकाबले में और अधिक वृद्धि हुई है जब किसान पैदा करेगा अधिक खर्चा करके और जो उसको मिलेगा मूल्यों में, उसकी कम बचत होगी तो उसकी आर्थिक अवस्था कभी भी सुधर नहीं सकती और नतीजा यह होगा कि देश का विकास होगा, लेकिन देश में वह गरीब उत्पादक, मेहनत करने वाला किसान, उसकी आर्थिक अवस्था में सुधार उस अनुपात से नहीं होगा, जिस अनुपात से देश के गैर-किसान-पेशा लोगों, उद्योगपतियों और दूसरे लोगों की आर्थिक अवस्था में सुधार होगा।

[श्री विरेन्द्र वर्मा]

मान्यवर, मैं वित्त मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इन तीनों के मूल्यों में, जो सरकार पैदा करती है, जो किसान पैदा करता है और जिन चीजों को किसान खरीदता है उनकी कीमतों में समानता आनी चाहिये। पैरिटी आनी चाहिये। जब तक आप पैरिटी को मेंटेन करने में नाकामयाब रहते हैं तब तक आप सफल वित्त मंत्री नहीं कहे जा सकते।

मैं अब चन्द चुनौतियां मंत्री जी के सामने रखना चाहता हूं। हमारा देश खाद्यान्न में आत्म निर्भर है। यह सौभाग्य है हमारे देश का किसान के कठिन परिश्रम से देश आत्मनिर्भर हुआ है। लेकिन मुझे दुख और अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हम खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर हैं लेकिन 81–82 में 4 अरब 52 करोड़ रुपए का आपने साड़े 22 लाख टन से अधिक गेहूं अमरीका और आस्ट्रेलिया से मंगाया। 82–83 में 30.48 लाख टन आपने गेहूं मंगाया अमरीका और आस्ट्रेलिया से जो 6 अरब 12 करोड़ रुपए का था और अब, मान्यवर 83–84 में आपने 37.68 लाख टन विदेशों से गेहूं मंगाया जो बैठता है 8 अरब 27 करोड़ 75 लाख रुपये का। 3 करोड़ टन के हमारे अन्न के भंडार पड़े हैं। अनाज के लिए हमारे पास साइलो नहीं, गोदाम नहीं, पंजाब के रेलवे स्टेशन्स पर अनाज बिगड़ रहा है, बर्बाद हो रहा है, लेकिन हम विदेशों से भी अनाज मंगाते हैं। अपना अनाज सम्भाल नहीं पाते। मान्यवर, आपकी विदेशी मुद्रा 5895 करोड माइन्स में है जो आप एक्सपोर्ट करते हैं और जो इम्पोर्ट करते हैं उसमें 5895 करोड़ रुपये की कमी है। इतनी बड़ी कमी होते हुये भी आप विदेश से गेहुं आयात करते हैं। अपने देश के किसान को आप 152–157 रुपये देते हैं और विदेश से आप 200 रुपए पर गेहूं आयात करते हैं। क्या यह आपके सामने चुनौती नहीं है? क्या हम अपने देश के अनाज को बर्बाद नहीं करते? सवाल यह है कि जो गेहू देश में पैदा हुआ है उसे कहां ले जायें। 84–85 में भी गेहूं आपने बाहर से मंगाया, उसके आकड़े मेरे पास नहीं है।

अब मैं चीनी के मामले में बताना चाहता हूं। 81·82 में वर्ल्ड में नम्बर एक का स्थान था इस देश का, हम विदेश को चीनी भेजते थे। लेकिन दुर्भाग्य है इस देश का, दुर्भाग्य है इस देश के किसान का, दुर्भाग्य है सरकार का कि आज हम विदेशों से चीनी मंगा रहे हैं। गत वर्ष जितनी चीनी मंगाई थीं उससे अधिक इस वर्ष मंगा रहे हैं। पिछले साल मंगाई थी 5 लाख टन, अबकी मंगा रहे हैं 10 लाख टन। यह हमारे लिए चेलेंज नहीं है? जो चीनी आपने मंगाई हैं उस चीनी का 50 फीसदी आपने खुले में बेचा है, जिसे आक्शन कहते हैं और लिया है बम्बई और कानपुर के लोगों ने। साड़े 6 रुपए पर उन्होंने चीनी खरीदी और साड़े सात और 8 रुपए किलो पर उपभोक्ता को बेची। क्या आवश्यकता थी कि आप विदेशों से चीनी मंगाते हैं। दो सौ रुपए की कस्टम ड्यटी और दूसरे टैक्स उस पर लगाकर 400 रुपए पर आपको उसे बेचना चाहिये था। लेकिन आप 5.85 पर उसे बेच रहे हैं। चीनी आपने अपनी जो आक्शन की वह जिन लोगों ने साड़े 6 रुपए में खरीदी, वह साड़े सात रुपये में बेच रहे हैं। क्या आप ब्लैक मार्केटिंग नहीं करा रहे हैं? यह आपके सामने एक चैलेंज है।

कई दफा चर्चा की गई। अपने भाषण में वित्त मंत्री जी भी कहेंगे कि एफ० सी० आई० को 1100 करोड़ रुपए सबसिडी कंज्यूमर्स के लिए, उपभोक्ता के लिए देते हैं। उपभोक्ताओं को आप सबसिडी देते हैं? उपभोक्ता को अगर सबसिडी देते तो जो आपने 152 रूपए क्विंटल गेहू खरीदी उसी पर आप उपभोक्ता को देते। आप कहा 152 पर खरीदें और 192 पर उपभोक्ताओं को दें, तो यह सबसिडी है? आप कहते हैं कि 1100 करोड़ रुपये आपने उपभोक्ताओं के लिए दिए। सारा रुपया एफ० सी० आई० को जो आप देते है, वह खाद्य निगम के नाजायज खर्चों के लिए, वहां की चोरी के लिए, वहां की बेईमानी का दे रहे हैं। वैगन के वैगन गायब हैं। 96 लाख रुपये अनाज के वैगन गायब हैं। उनका कहीं पता नहीं। मैं उनकी अमेटी में हूं, इतना तो हमने पकड़ा है। आप उनकी बेईमानियों को सबसिडाइज करते हैं

उपभोक्ताओं को सस्ता अनाज आप नहीं देते है। नहीं तो 152 रुपए पर खरीद-कर 152 रुपये पर उपभोक्ताओं को देते।

मान्यवर, सवाल आता है कि टैक्स-टाइल मिलें रुग्ण हैं, बीमार हैं, उनको केन्द्र सरकार अपने हाथ में ले ले। उद्योग के हित में, उत्पादक के हित में, मजदूरों के हित में सरकार को उनको लेना चाहिए। लेकिन फूड कारपोरेशन आफ इण्डिया के पास 25 माडर्न राइस मिलें हैं, उनमे 69 लाख रुपए का घाटा प्रतिवर्ष हो रहा है। उनको अब नीलाम करने की योजना है। तो हमारे जो सार्वजनिक क्षेत्र हैं क्या उसके लिए यह चुनौती नहीं है। पुरानी फैक्टरियों को तो आप लेते हैं और इस वजह से लेते हैं कि वे चल सकें मगर हमारी माडर्न राईस मिलें जो सरकारी हैं, उनको नीलाम करने की योजना है, यह मैं आपको बता रहा हूं।

मान्यवर, 8 शुगर फैक्टरियां आपने ली थी 1978-79 मे जिनका चार्ज आपके पास हैं। 35 करोड़ रुपया उन फैक्टरियों पर बैंकों का कर्जा हैं और दूसरे कर्ज हैं क्या यह चैलेंज नहीं हैं आपके लिए। जितने कस्टोडियन थे उनके उनमें से तीन चार के विरुद्ध सी० बी० आई० की इन्क्वायरी चल रही है। एक जगह एक ने बेईमानी की तो दूसरी जगह उसको ट्रांसफर कर दिया और दूसरी जगह बेईमानी की तो तीसरी जगह ट्रांसफर कर दिया, यह आपका काम है। 1981 के बाद उनका आज तक आडिट नहीं हुआ। कर्जा आप देते हैं। बैंकों के कर्जे हो जाते हैं, लेकिन आडाट नहीं होता। इस प्रकार इस गरीब देश का काम चलेगा ?

फिर, मान्यवर, स्टेट फार्म्स कारपोरेशन की चर्चा मैं करना चाहता हूं। नवल किशोर शर्मा जी यहां बैठे हैं। हिन्दुस्तान में 15 स्टेट फार्म कारपोरेशन हैं। उनका क्षेत्रफल 38229 हैक्टेयर है। गत दो वर्षों में हिन्दुस्तान भर में रेकार्ड उत्पादन हुआ। सारे आपके गोदाम भरे पड़े है, लकिन आपके इन फार्मों पर 2 करोड़ 79 लाख का रेकार्ड नुकसान हुआ। कितना आप उत्पादन कर सकते थे, इस देश में कितनी आर्थिक अवस्था को सुधार सकते थे, लेकिन 38229 हैक्टेयर वाले फार्म नुकसान में रेकार्ड नुकसान में जायें जब कि देश में पैदावार बढ़ रही है। क्या यह आपके लिए चुनौती नहो है ? फिर यहां सारे हाउस में कहते हैं चाहे इस तरफ के सदस्य हों या उस तरफ के, आई० आर० डी० पी०, एन० आर० ई० पी०, डी० पी० ए० पी०, जितनी भी स्कीमें हैं, सारे भारत में गरीबों के लिए हैं। सारी गरीब आदमी के लिए हैं, उचित योजनायें हैं। गांव में रहने वाले गरीब आदमियों के लिए हैं। लेकिन क्या उनमें से कोई आदमी कहने के लिए तैयार हैं ? अभी सत्यपाल मलिक जी ने कहा। जितनी ये योजनायें हैं इन योजनाओं मे भारी भ्रष्टाचार है। जितने कर्मचारी हैं वे रिश्वत लेते हैं। गरीब आदमियो को पूरा रुपया नहीं पहुंचता। अभी रिजर्व बैंक आफ इंडिया और नबार्ड ने सर्वे किया और सर्वे मे यह तसलीम था कि 21 फीसदी और 16 की फीसदी रुपया गलत इस्तेमाल हुआ है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि वित्त मंत्री जी, इन गरीब आदमियों को उठाने क लिए जो पैसा दिया है उसमें से एक पैसा भी बीच में न गायब हो। क्या यह आपके लिए चुनौती नहीं है। बीच में खाने वाले खाते रहें और गरीब आदमी को पैसा सही न मिले और फिर आप कहें कि इंतजाम बहुत बढ़िया चल रहा हैं . . .

उपसभाध्यक्ष (डा०) (श्रीमती) सरोजिनी महिषी) : आप कृपा करके खत्म करिये।

**श्री विरेन्द्र वर्मा** : मैं खत्म कर रहा हूं। शहरों में मकानात बनते हैं गरीब आदमियों के लिए, शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेडल्ड ट्राइब्स के लिए मकान बनाये जाते हैं। हाउस में कई बार सवाल उठते हैं कि डी० डी० ए० जो मकान बनाती उनकी क्वालिटी की क्या हालत है। हमारे मंत्री महोदय अब्दुल गफूर साहब कह चुके हैं कि चीफ इंजीनियर को मुअत्तिल कर दिया, । सुपरिन्टेंडेंट को मुअत्तिल कर दिया, ,एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को मुअत्तिल कर दिया। कर दिया, बिल्कुल ठीक आपने

[श्री वीरेन्द्र वर्मा]

कर दिया । लेकिन क्वालिटी क्या हैं ? फिर वह कह रहे थे कि हमने उनकी मरम्मत कर दी । मकानों की मरम्मत के लिए पैसा कौन देगा ? उन्होंने कहा कि हमने उनको ब्लैक लिस्ट कर दिया । वे आपके यहां तो ब्लैक लिस्ट में आ गये लेकिन वे दूसरी जगह भी तो जा कर काम कर सकते हैं उन्होंने बताया कि उसकी मरम्मत सरकारी पैसे से कराई गई । वह कहां स आ गया ? वह उन्हीं का तो पैसा है । जो गरीब आदमियों के लिए मकान बनें । उनकी क्वालिटी तो मजबूत होनी चाहिये न कि उसमें वे दब कर मर जायें ।

दूसरे यह कहना चाहता हूं बेरोजगारी बढ़ती जा रही है । आप आंकड़े उठा कर देख लीजिए । आपकी कोशिश है मैं स्वीकार करता हूं । बावजूद इसके बेकारी और बेरोजगारी हमारी बढ़ती जा रही है । ब्लैक मार्किटियर्स प्रोफिटियर्स और जो स्टाक एक्सचेंज हैं और जो आपके इन्कम टेक्स की चोरी करने वाले हैं वे बढ़ते जा रहे हैं । मुझे इस बात की खुशी है कि वित्त मंत्री जी के आदेश से छापे लगे हैं । छापे लगे मैं उनको बधाई देता हूं । पकड़े भी गये । मेरी यह प्रार्थना है कि यह चालू रहे और जितनी आपकी घटत है बजट में वह इससे पूरी हो । वह इन सारे छापों से वसूल कर लें । लेकिन होता क्या है कि जब छापे लगते हैं और वहां से रुपया निकलता है तो उन पर टेक्स लगा दिया जाता है । क्यों लगाते हैं टेक्स जो अन-एकांऊंटेड मनी है जिस का कोई हिसाब नहीं है उस सब को आप जब्त कर लीजिए और उस पर टेक्स लगाने की जरूरत नहीं, न किसी फैसले की जरूरत है । जितना रुपया पकड़ा जाए सारा का सारा आपके कब्जे में आना चाहिये । यह मेरी आप से प्रार्थना है ।

नेशनलाइज्ड बैंक्स राष्ट्रीय कृत बैंक्स का काम बहुत बढ़ा है मैं स्वीकार करता हूं । लेकिन क्या आप ईमानदारी से यह नहीं मानते कि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफिशिएंसी उनकी कुशलता गिरी है ? उसकी तरफ आपका ध्यान जाना चाहिये । उसमें भ्रष्टाचार बढ़ा है । बैंकों में डैकती बढ़ी हैं । इस तरफ भी आपका ध्यान जाना चाहिये ।

दो-एक बात कह कर मैं खत्म करता हूं । वह यह है कि एक किसान गांव का रहने वाला है । (व्यवधान) बहन जी आप भी सुन लीजिए आप जवाब दे दीजिए क्योंकि आप ज्यादा परेशान हो रही हैं । अगर दो सौ रुपये किसान के ऊपर बकाया है एक मजदूर के ऊपर दो सौ रुपये बकाया रह जाए तो वह हवालात में जायेगा । मैं वित्त मंत्री जी आपसे पूछना चाहता हूं कि अगर दो लाख रुपये उद्योगपति पर बकाया रह जाये 20 लाख रुपये बकाया रह जाये दो करोड़ रुपये बकाया रह जाए तो क्या वह कभी हवालात में जाता है । यह कैसी समाजवादी व्यवस्था है ? यह पूंजीवादी व्यवस्था है । गरीब आदमी हवालात में जाता है और अमीर आदमी मजा करता है । हिन्दुस्तान के 10 परिवारों की तरफ धनी परिवारों की तरफ में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । 3856 करोड रुपये केवल 10 बड़े घरानों पर बाकी हैं । उत्पादन कर का तीन अरब 65 करोड़ रुपया सन् 1983 तक, कस्टम ड्यूटी का 11 करोड़ इन बड़े बड़े घरानों पर बाकी है ... (व्यवधान) नाम बताने की आवश्यकता नहीं है । सब लोग जानते हैं । इससे कोई फायदा भी नहीं होगा ।

मान्यवर, मैंने आपका बहुत समय लिया । 36 हजार करोड़ रुपये सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों पर लगा हुआ है । सार्वजनिक क्षेत्र पर सरकार ने यह रुपया खर्च किया है । मैं पूछना चाहता हूं कि उसका रिटर्न क्या है ? क्या आप उससे सेटिसफाई हैं ? क्या आप 36 हजार करोड़ रुपये के रिटर्न से सेटिसफाई हैं ? अगर आप संतुष्ट हैं तो मुझे कोई शिकायत नहीं

है। इसलिए मैं चाहता हूं कि आप उसमें सुधार करने की कोशिश करें, यही मेरी आपसे प्रार्थना है।

SHRI R. RAMAKRISHNAN (Tamil Nadu): Madam, I want to know by what time the House is sitting because during the last Business Advisory Committee meeting it was decided clearly, over-ruling the decision of the earlier meeting, where the Leader of the House was there and the Opposition Member Shri Ashwani Kumar, who is here, was also there, that the House will sit only upto six and in exceptional cases only it will sit beyond six. Now I understand that the House will not sit beyond 6.30. I want to know whether this is correct.

SHRI ASHWANI KUMAR (Bihar): I just support what he has said.

THE VICE-CHAIRMAN [DR. (SHRIMATI) SAROJINI MAHISHI]: I request the Members not to take the time of the House. We shall adjourn the House at 6.30 p.m. Yes, Mr. Kalpnath Rai. Will you complete in ten minutes? (*Interruptions*). Just start.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM (SHRI NAWAL KISHORE SHARMA): Bervity is the soul of wit.

**श्री कल्पनाथ राय**: आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदया, जो विनियोग विधेयक आदरनीय वित्त मंत्री जी ने पेश किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं। इसमें कहा गया है—

"From and out of the Consolidated Fund of India there may be paid and applied sums not exceeding those specified in column 3 of the Schedule amounting in the aggregate to the sum of three thousand eight hundred and seventy-two crores, fifty-three lakhs and fifty-five thousand rupees towards defraying the several charges which will come in course of payment during the financial year 1985-86..."

इसमें एग्रीकल्चर के डेवलपमेन्ट के लिए एनीमल हजबेन्डरी के लिए, डेरी डेवेलपमेंट के लिए और रूरल डेवलपमेंट के लिए सारी बातों का समावेश किया गया है। मुझे इस बात से खुशी हुई कि कृषि के विकास के लिए, पशुधन के विकास के लिए फोरेस्ट के विकास के और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए यह रुपया खर्च किया जाएगा। मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार अपनी एग्रीकल्चर की पालिसी को ठीक ढंग से बनाये। आज क्या कारण है कि जो पैदावार कर रहे हैं वे तबाह और परेशान है। जो उत्पादन कर रहे हैं वे तबाह और परेशान हो रहे हैं। प्रोड्यूसर और कंजूमर दोनों आज परेशानी का मुकाबला कर रहे हैं। आज आप चीनी को ही लीजिये। इस संबंध, मे हिन्दुस्तान टाइम्स में एक आर्टिकल निकला है जिसमें कहा गया है—

"Serious sugar crisis building up: while the price of sugar in the open market has now crossed Rs.9 a kilogram despite assurance to the contrary by the Government, another dimension to the sugar crisis might be added when the new sugar season begins from October this year. If adequate steps are not taken from now on to prevent the diversion of sugarcane to gur and khandsari manufacture in the first few months of the new season, the scarcity will aggravate.

In fact, so serious is the problem likely to be faced by the sugar industry in the next season, precipitated by the reported offer of very high prices for sugarcane to growers by the Khandsari owners, that the factories in the corporate sector might not even be able to start crushing operations in the winter months. This is because khandsari would attract the bulk of the cane in the earlier months of the season (October to September) leaving precious little for the mills."

"If this happens, and the Union Government does not take preventive measures from now on, the country would find itself in a greater mess than ever before and sugar prices might reach the level it had done

[Shri Kalpnath Rai]

once during the Janmastami festival in Septmber 1980 in Jaipur and other places in India, when the prices had gone up as high as Rs. 18 a kilogram.

The country had achieved record production of sugar in 1981-82 more than 84 lakh tonnes—surpassing the production figure for Brazil, the world's largest producer. The following year, 1982-83 too was good, production being more than 81 lakh tonnes. The country had enough sugar and to spare and the Government accepted the industry's proposal to set up a buffer stock of 10 lakh tonnes.

However, the industry started warning the Government from the beginning of the year 1983, that sugarcane production during the year would fall and sugar production would be no more than 60 lakh tonnes. The actual production was 59.17 lakh tonnes in sugar year 1983-84. Again the warning went that the year 1984-85 would be equally bad. Again the Government ignored it and went on declaring in and out of Parliament that the country would comfortably meet the situation with the help of the huge carry-over and buffer stock.

In the meantime the consumption spree of sugar, fuelled by the Government policy of keeping monthly quotas of releases from factories at a high level, remained unchecked. From just 49.75 lakhs tonnes in 1980-81, consumption jumped to 75.38 lakh tonnes in 1983-84, and during the current sugar year (ending on September 30), total consumption is expected to go up still further to well over 80 lakh tonnes.

Thus, if one burns the candle at both ends, darkness is inevitable and that is what we find these days so for as the prospects of sugar availability is concerned.

And the ostensible reason for releasing such huge quantities of sugar in the market was to keep the prices in the open market down within the reach of the commonman. The result: price upwards of Rs. 9 a kilogram from the "commonman", total bankruptcy in sugar stocks and resort to imports once again by a country which had exported Rs. 800 crores worth of sugar in 1975-76.

The position prevailing now would not have deteriorated so fast had the Government done some advance preparations for distribution of imported sugar, once it decided to go in for imports. Since the Union Government exercises total control over the distribution of sugar, it was well aware that the situation would become rather difficult in the summer months. Yet it made no efforts to ensure lifting and transportation of imported sugar to the States well in advance."

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil-Nadu): Is it over?

**श्री कल्पनाथ राय** : यैस आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदया, यह चीनी का संकट आने वाले दिनों में और गहरा होने वाला है । जैसा कि इस राइट-अप में है कि 1981–82 में 84 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ और हमारा जो कंजम्शन है वह 80 लाख टन है । हमारा उत्पादन इस साल केवल 70 लाख मीट्रिक टन हुआ है । हमने 10 लाख मीट्रिक टन शुगर इम्पोर्ट किया है जो कि अभी रास्ते में है । उत्पादन 70 लाख टन हुआ है इस तरह से 10 लाख टन चीनी की शार्टेज है । चीनी के सम्बन्ध में हमारा यह संकट और गहरा होने वाला है । महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि किसानों के गन्ने का दाम 22 रुपये प्रति क्विंटल 1980 में तय किया गया था । मैं पूछना चाहता हूं कि 1980 से 1985 के बीच में क्या खेतों में पैदा करने वाला जो किसान है वह जो खेतों में चीजें डालता है उनके दाम नहीं बढ़े, बिजली के दाम नही बढ़े, ट्रैक्टर के दाम नही बढ़े, खेतों में काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी नहीं बढ़ी, ट्रांसपोटेशन के चाजज नहीं बढ़े, जो बीज हैं, उसके दाम नहीं बढ़े ? इन सारी चीजों के दाम बढ़े है । 1980 के पहले जनता पार्टी की सरकार थी तो उस समय 38 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन हुआ । श्रीमती इंदिरा गांधी 1980 में जब सत्ता मे आई तो

सत्ता में आते ही उन्होंने कहा कि 22 रुपया क्विंटल गन्ने के दाम हम देंगे। और 22 रुपये क्विंटल गन्ने का दाम देंगे और 22 रुपये क्विंटल गन्ने का देने का परिणाम यह हुआ कि 1980, 1981 1982, 1983 आते-आते हिन्दुस्तान के किसानों ने 83 लाख टन चीनी का उत्पादन किया और दुनिया का रेकार्ड तोड़ दिया, दुनिया का नम्बर एक देश इस मामले में हुआ और आज 1980 में जो दाम बढ़े, पांच वर्ष के बाद एक पैसा भी किसानों को पैदा करने के लिए 23 रुपये भी क्विंटल दाम अभी तय नहीं किया गया है। परिणाम क्या हुआ? यह हुआ कि जो हिन्दुस्तान में 32 लाख हैक्टर गन्ने का उत्पादन...

**उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) सरोजिनी महिषी]** : साढ़े छह बज गये हैं।

**श्री कल्पनाथ राय** : 32 लाख हैक्टर जो गन्ने का उत्पादन हुआ था, वह उत्पादन घट कर इस साल 28 हैक्टर हो गया है, चार लाख हैक्टर गन्ने की एरिया में एवरेज में हमारी बढ़ोत्तरी हुई है और दूसरी तरफ जब किसानों ने दिलचस्पी नहीं ली, तो 60 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन हुआ है। मैं आपसे कहना चाहता हूं.... (**व्यवधान**)

**उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) सरोजिनी महिषी]** : अगर दो-तीन मिनट में समाप्त करते हैं...

**श्री कल्पनाथ राय** : नहीं समाप्त कर सकता हूं, कैसे कर सकता हूं?

**उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) सरोजिनी महिषी]** : अभी तक आपने 8-10 मिनट ले लिये है, दो-तीन मिनट में समाप्त कर दीजिए।

**एक माननीय सदस्य** : दो मिनट बोलेंगे कि तीस मिनट बोलेंगे।

**श्री कल्पनाथ राय** : उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि सरकार की किसानों के संबंध में जो नीति है कि आज गन्ने का हैक्टर जो है 32 लाख हैक्टर से घट कर 28 लाख हैक्टर हो गया है और चीनी का उत्पादन 84 लाख टन से घट कर 60 लाख मीट्रिक टन हो गया हैं। वह इसलिए कि किसान को रेम्युनरेटिव प्राईस नहीं दी गई है।

मैं देश के प्रधान मंत्री, राजीव गांधी जी को देश के किसानों की तरफ से धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने 1985 में जो एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन था उसकी जगह पर एग्रीकल्चरल कास्ट्स एण्ड प्राइस कमीशन बनाया। किसानों की हिन्दुस्तान में लगातार मांग रही है कि आज जब हिंदुस्तान में एग्रीकल्चरल इण्डस्ट्री हो चुकी है, तो उसमें एग्रीकल्चरल प्राइस कमीशन नहीं होना चाहिए बल्कि एग्रीकल्चरल की पहले कास्टिंग होनी चाहिए, तब प्राईसिंग होनी चाहिए और इसको सरकार ने स्वीकार किया और स्वीकार करने के बाद उन्होंने एग्रीकल्चरल कास्ट्स एण्ड प्राइस कमीशन की घोषणा बम्बई की एक महती सभा में की।...

SHRI GHULAM RASOOL MATTO (Jammu and Kashmir): Let him continue tomorrow.

THE VICE-CHAIRMAN [DR. (SHRIMATI) SAROJINI MAHISHI]: He is just concluding.

SHRI V. GOPALSAMY: He is taking a long time.

**श्री कल्पनाथ राय**: और यह भी उन्होंने कहा कि किसानों को रेम्युनरेटिव प्राइसेज दी जाएंगी और किसानों के खेतों में पैदा होने वाली चीजों की कास्टिंग होगी और कास्टिंग के बाद प्राईसिंग होगी।

मैं आपसे निवेदन करना चहता हूं, गृह मंत्री जी से और आदरणीय वित्त मंत्री जी से कि देश की पूरी अर्थ-व्यवस्था .... (**व्यवधान**) ... आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदया, देश की पूरी अर्थ-व्यवस्था दुनिया में यूरोप और अमरीका की इकानमी-यूरोप के मुल्कों

[श्री कल्पनाथ राय]

की अर्थ-व्यवस्था इंडस्ट्रियलाईजेशन पर निर्भर है और जो भी --(**समय की घन्टी**)--इंडस्ट्री उनकी इकनामिक बेस है, मगर हिन्दुस्तान की अर्थ-व्यवस्था का बेस हिन्दुस्तान का गांव और हिन्दुस्तान की एग्रीकल्चर है, हिन्दुस्तान की खेती है और खेती करने वाले हिन्दुस्तान के छह लाख गांव के किसान है। अगर हमने यूरोप की नकल करके हिन्दुस्तान में यूरोप की नकल की, जो उसका परिणाम भयंकर होगा। महात्मा गांधी ने इसीलिए इस मुल्क में एग्रीकल्चर को प्रियारिटी दी और इसीलिए स्वालम्बन, सेल्फ-रिलायंस के लिए खेत, गांव की तरफ जाने का आवाहन किया और गांव को मजबूत बनाने की दिशा में कोशिश की। मैं कहना चाहता हूं हिन्दुस्तान के वित्त मंत्री जी से कि अगर आपने पूरी व्यवस्था, अगर आपने एग्रीकल्चर को टाप प्रियारिटी नहीं दी और अगर आपने एग्रीकल्चर के विकास के लिए मल्टी-प्रांग्ड स्ट्रेटजी नही बनाई, तो आने वाले जमाने में--आज क्या कारण है कि रूस में, चीन में, जो जीवन की आवश्यक वस्तुएं हैं, उनके दाम पिछले बीस वर्ष से एक पैसा नहीं बढ़े हैं, कम से कम जो जीवन की आवश्यक वस्तुएं हैं, आवश्यक वस्तुएं हैं, चावल, गेहूं, चीनी, साबुन, एडिबल आयल--(**घन्टी**)--दाल, इन चार-पांच चीजों का दाम तो हिन्दुस्तान में निर्धारित सरकार को करना चाहिए और इन चीजों का दाम कि इतने में हम खरीदेंगे, इतने में हम बेचेंगे।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं जापन का उदाहरण आपके सामने देना चाहता हूं।

**उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) सरोजिनी महिषि]**: टाईम हो गया है, कन्कलूड करिए

**श्री कल्पनाथ राय**: मैं जापान का उदाहरण देना चाहता हूं। जापान में 7 परसेंट किसान खेती करते हैं और वे पूरे जापान की इकोनोमी को कन्ट्रोल करते हैं। जापान की सरकार अगर 100 रुपये क्विंटल धान खरीदती है तो वह पूरे साल 300 रुपये क्विंटल के हिसाब से बेचती है। किसान के द्वारा पैदा होने वाली चीज को 400 रुपये क्विंटल के हिसाब से खरीदा और पूरे साल वही चीज को 300 रुपये क्विंटल के हिसाब से बेचा। इसीलिए वहां के किसान इतने अधिक मजबूत हैं। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि इस विनियोग विधेयक में जिन-जिन मदों पर ये पैसे मांग रहे हैं, वह खेती है, रुरल कन्स्ट्रक्शन है, एनीमल हस्बेंडरी है और इसके साथ-साथ उपसभाध्यक्ष महोदया, 1947 में गाय और बैल की संख्या 12 करोड़ थी और 37 वर्ष के बाद उसकी संख्या घटकर 4 करोड़ हो गई है। दूध देने वाले पशुओं की संख्या घटकर 4 करोड़ हो गई है।

**उप सभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) सरोजिनी महिषी]**: कल फिर 15 मिनट बोलेंगे ?

**श्री कल्पनाथ राय**: यदि एनीमल हस्बेंडरी के वैज्ञानिक ढंग से विकास पर ध्यान नहीं दिया गया तो हिन्दुस्तान की 70 करोड़ जनता को जो दूध मिलना चाहिए देश के नागरिक को तंदरुस्त बनाने के लिए तो उस राष्ट्र के नागरिक को पानी मिलना भी मुश्किल हो जायेगा। इसलिए एनीमल हस्बेंडरी का विकास जिस गति से होना चाहिए उस गति से अभी नहीं हो रहा है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि सातवीं पंचवर्षीय योजना में सरकार को एनीमल हस्बेंडरी के डिवैलपमेंट को प्रायरिटी दे करके हिन्दुस्तान में युद्ध स्तर पर श्वेत क्रांति की दिशा में कदम उठाने चाहिएं। अगर देश में श्वेत क्रांति नहीं होगी तो देश कभी अपनी तंदुरुस्ती को कायम नहीं रख सकता। अगर वह तंदुरुस्त नहीं है तो हम अंदरुनी और बाहरी ताकतों से हिन्दुस्तान की एकता को नहीं बचा सकते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदया, वन का विकास, उसके लिए मैं राष्ट्र के महान युवा नेता श्री संजय गांधी को देश की करोड़ों जनता की तरफ से मुबारकबाद देना

चाहता हूं। 1976 में गए पेड़ लगाओ अभियान युद्ध स्तर पर उन्होंने देश में शुरू किया था और आज भी किसी जिंदा राष्ट्र के यहां 33 परसेंट फोरेस्ट्री होनी चाहिए लेकिन आज हिन्दुस्तान में वह 17 परसेंट भी नही है। आदरणीया उपसभाध्यक्ष महोदया, पेड़ों के माध्यम से जहां 6 लाख गावों को ईंधन मिलगा वहां पेड़ों के माध्यम में जो फल और फूल प्राप्त होंगे उसमें राष्ट्र की तन्दुरुस्ती भी मजबूत होगी। इसलिए राष्ट्र की बेहबूदी के लिए जरूरी है कि फलदार पेड़ों को युद्ध स्तर पर लगाया जाए। 7वीं पंचवर्षीय योजना में यह प्रायरिटी थी और श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपनी सातवीं पंचवर्षीय योजना के मसविदे में कहा था कि इसका लक्ष्य प्रोडक्शन और प्रोडक्टीविटी होगा। तो प्रोडक्शन इन दी फील्ड आफ एनीमल हस्बेंडरी, प्रोडक्शन इन दी फील्ड आफ एग्रीकल्चर प्रोडक्शन इन दी फील्ड आफ फोरेस्ट्री, यानी फोरेस्ट्री युद्ध स्तर पर जिससे सातवीं पंचवर्षीय योजना के बीतते-बीतते 33 परसेंट जमीन पर पेड़ और वह भी फलदार पेड़ लग जायेंगे।

**उपसभाध्यक्ष डा० (श्रीमती) सरोजिनी महिषी)** : अब आप समाप्त करें।

**श्री कल्पनाथ राय** : हिन्दुस्तान को दूध के मामले में आत्म-निर्भर बनाने के लिए हिन्दुस्तान में पशुधन का विकास किया जायेगा और वह भी वैज्ञानिक ढंग से उपसभाध्यक्ष महोदया, संविधान के डायरेक्टिव प्रिंसीपल्स में लिखा हुआ है :

"The State shall endeavour to organise agriculture and animal husbandry on modern and scientific lines and shall, in particular, take steps for preserving and improving the breeds, and prohibiting the slaughter, of cows and calves and other milch and draught cattle".

"The State shall endeaxour to protect and improve the environment and to safeguard the forests and wild life of the country".

ये हिन्दुस्तान के नीति निदेशक तत्व हैं, डायरेक्टिव प्रिंसीपल्स आफ दी कान्स्टीट्यूशन हमने अपने संविधान के माध्यम से कसम खाई है इस संविधान को बचाने की, इसकी रक्षा करने की, इसको अक्षुण्ण रखने की। आदरणीया उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं माननीय वित्त मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि जो रुपया इन्होंने विनियोग विधेयक में लाया है, उसका मैं समर्थन करता हूं, लेकिन वह सरकार की सातवीं पंचवर्षीय योजना ने पिके समग्र विकास इंटीग्रेटेड डिवैलपमेंट आफ एग्रीकल्चर, एनीमल हस्बेंडरी के विकास और फारेस्टरी में डवलपमेंट पर जो पैसा हो, वह उचित ढंग से खर्च हो तथा सातवीं पंचवर्षीय योजना, जो कि प्रोडक्टिविटी और प्रोडक्शन जिसका उद्देश्य है, उस उद्देश्य को पूरा करके भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में दुनिया के रंगमंच पर स्थापित कर सकें। इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN [DR. (SHRIMATI) SAROJINI MAHISHI]: The Minister is going to reply tomorrow.

The House stands adjourned till 11 a.m. tomorrow.

The House then adjourned at forty minutes past six of the clock till eleven of the clock, on Tuesday, the 13th August, 1985.